हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22.6 डिग्री



सिरगिट्टी बन्नाक चौक पर बनी सब्जी मार्केट में आग लगने से कई दुकान जलकर खाक हो गई।



## खबर संक्षेप

### जिला अस्पताल चल रहा भगवान भरोसे



**बिलासपुर।** होली पर प्रशासन के आदेश पर सरकारी अस्पतालों को चॉक चौबंद व्यवस्था रखने की हिदायत दी गई थी, इस दौरान सिम्स में डाक्टर ड्यूटी पर उपलब्ध रहे, लेकिन जिला अस्पताल भगवान भरोसे रहा। दोपहर 12 से 2 बजे के बीच जिला अस्पताल में स्टाफ और डाक्टर नहीं होने के कारण मरीजों को दिक्कत उठानी पड़ी। स्ट्रेचर नहीं मिलने के कारण मरीज जमीन पर ही पड़े रहे। खास बात यह है कि प्रबंधन का कोई जिम्मेदार अधिकारी इस दौरान जिला अस्पताल में मौजूद नहीं था। ऐसे में प्रबंधन की लापरवाही की पोल खुलती रही।

### ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक 31 को

**बिलासपुर।** ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक व आमसभा 31 मार्च को शाम 4 बजे अनुभव भवन, बृहस्पति बाजार में होगी। संघ के सचिव ने बताया कि यह बैठक वित्तीय वर्ष 2024-25 की आम सभा के रूप में होगी। वर्ष भर के आय-व्यय सभा के सामने रखकर अनुमोदित कराना होगा। साथ ही होली मिलन का आयोजन भी किया जा रहा है। इसके मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी होंगी। विशिष्ट अतिथि सभापति विनोद सोनी होंगे। उन्होंने संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों से इस कार्यक्रम में निर्धारित समय पर शामिल होने का अनुरोध किया है।

### पीएचई सब इंजीनियर की भर्ती, आवेदन 1 अप्रैल तक

**बिलासपुर।** व्यापमं की ओर से लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) में सब इंजीनियर की भर्ती होगी। इसके लिए आवेदन प्रक्रिया 11 मार्च से शुरु हो गई है। अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक इन पदों के लिए फॉर्म भर सकेंगे। इस परीक्षा की संभावित तिथि 27 अप्रैल है। व्यापमं की ओर से ही परीक्षा आयोजित की जाएगी। बीते दिनों इन पदों के लिए विज्ञापन जारी किया गया था। इसके अनुसार कुल 128 पदों पर भर्ती होगी। इसमें 118 सिविल और 10 पद विद्युत/ यांत्रिकी सब इंजीनियर के लिए है। परीक्षा के लिए रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर और जगदलपुर संभाग में केंद्र बनाए जाएंगे। विस्तृत जानकारी के लिए अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं।

### मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा 23 को

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल की मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा 23 मार्च को होगी। यह परीक्षा संचालनालय मछली पालन विभाग के अंतर्गत आयोजित की जा रही है, जिसमें प्रदेशभर से बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के शामिल होने की संभावना है। अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजे गए एसएमएस में दिए गए यूआरएल पर क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं और उसका प्रिंट आउट निकाल सकते हैं।

# 15 साल बाद पांचवीं-आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

15 साल बाद पांचवीं-आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसकी शुरूआत 17 मार्च से होगी। इसके लिए जिला शिक्षा विभाग द्वारा तैयारी पूरी कर ली गई है। केन्द्रीयकृत परीक्षा में चारों ब्लाक के प्राथमिक शाला स्कूल के 32 हजार 200 और माध्यमिक शाला के 29 हजार 600 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र स्वयं के स्कूलों को बनाया गया है। अधिकारियों के मुताबिक 5वीं और 8वीं दोनों ही कक्षाओं में प्रश्न पत्र ए, बी और सी सेट में आएगा। परीक्षा में प्रश्नों को हल करने के लिए अधिकतम 3 घंटे का समय दिया जाएगा। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक ली जाएगी।

ज्ञात हो कि जिले में 880 प्राथमिक और 445 माध्यमिक शालाएं संचालित हो रही है। शिक्षा विभाग के मुताबिक 5वीं कक्षा की परीक्षा 17 मार्च से गणित विषय के साथ शुरू होगी। इसके बाद 21 मार्च को अंग्रेजी, 24 मार्च को हिन्दी और 27 मार्च को पर्यावरण विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसी तरह कक्षा 8वीं की परीक्षा 18 मार्च से गणित विषय के साथ शुरू होगी। 22 मार्च को हिन्दी, 26 मार्च को अंग्रेजी, 29 मार्च को सामाजिक विज्ञान, 1 अप्रैल को विज्ञान और 3 अप्रैल को संस्कृत, ऊर्दू की परीक्षा होगी।

### 61 हजार 800 स्टूडेंट होंगे शामिल

» प्राथमिक शाला स्कूल के 32 हजार 200 और माध्यमिक शाला के 29 हजार 600 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे



» दोनों ही कक्षाओं में प्रश्न पत्र ए, बी और सी सेट में आएगा, सवाल हल करने अधिकतम 3 घंटे का समय मिलेगा

### पांचवीं में 50 और आठवीं में 100 नंबर का होगा पेपर

5वीं में कुल 50 अंक कर प्रश्न पूछा जाएगा। इसमें 40 नंबर रिटर्न एग्जाम और 10 नंबर प्रैक्टिल में दिए जाएंगे। इसी तरह 8वीं में 100 अंक के प्रश्न पत्र होंगे। 80 नंबर रिटर्न एग्जाम और 20 नंबर प्रैक्टिल में मिलेगा। इसके साथ ही वार्षिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के लिए पूरक परीक्षा आयोजित की जाएगी। पूरक परीक्षा 1 जून से होगी। यदि पूरक परीक्षा में भी कोई छात्र या छात्रा फेल हो जाती है तो भी उसे कक्षोन्नति देकर अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसमें फेल किसी को भी नहीं किया जाएगा।

### दूसरे संकुल में होगा मूल्यांकन

जिला शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 5वीं और 8वीं की परीक्षा के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल से मिले निर्देशानुसार इस बार विकासखंड स्तर और जिला स्तर पर उड़नदस्ता टीम का गठन किया जाएगा। ध्यान रहे कि पूर्व में 5वीं-8वीं की परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन स्वयं के स्कूल में होता था, लेकिन इस साल ऐसा नहीं होगा। बोर्ड की तर्ज पर उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने तथा इसका मूल्यांकन करने के लिए इसे दूसरे संकुलों में भेजा जाएगा। मूल्यांकन पश्चात तय नियमों का पालन कर इसे संबंधित स्कूलों को सौंप दिया जाएगा। पश्चात अंकसूची जारी की जाएगी।

### सभी स्कूलों में बनाए गए केंद्र

15 साल बाद पांचवीं-आठवीं की केन्द्रीयकृत परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसकी शुरूआत पांचवी की परीक्षा के साथ 17 मार्च से होगी। इसके लिए जिले के सभी स्कूलों को केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा में पांचवीं में 32 हजार 200 और आठवीं में 29 हजार 600 छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। परीक्षा सुबह 9 से 12 बजे तक ली जाएगी।

- **अनिल तिवारी**, जिला शिक्षा अधिकारी

# कानन पेण्डारी की अरण्यिका में भीषण आग से मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शनिवार को कानन पेण्डारी की अरण्यिका में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। अरण्यिका में आग लगने की घटना के कारण बांस और सागौन के हरे-भरे सैकड़ों पेड़ जलकर राख हो गए। आग की लपटें दूसरे दिन रविवार को भी नजर आती रहीं।

शहर से 8 किलोमीटर की दूरी पर कानन पेण्डारी जू और स्मृति वन के बीच में अरण्यिका बनाई गई है। इसका संचालन सामाजिक वानिकी विभाग करता है। अरण्यिका में मुख्य रूप से बारिश से पूर्व छायादार और फलदार पौधे तैयार किए जाते थे। करीब 25 एकड़ से अधिक क्षेत्र में बनी अरण्यिका में सागौन और विभिन्न प्रजातियों यानि भारतीय और विदेशी बांस के पौधे लगाए गए थे। शनिवार की दोपहर अज्ञात तत्वों ने आग लगा दी। तापमान अधिक होने के कारण आग फैल गई और पूरे इलाके में धुंआ फैलने लगा। इसकी सूचना करीब दो घंटे के बाद सामाजिक वानिकी के डीएफओ अभिनव कुमार को दी गई। सूचना मिलने के बाद अरण्यिका, स्मृति वन और कानन पेण्डारी जू के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग को बुझाना शुरु किया। इस दौरान नगर निगम की दमकल भी बुलाई गई, जिसे गेट से अंदर तक घुसने की जगह नहीं मिल सकी। इसकी वजह से दमकल के पानी को अरण्यिका में लगी आग बुझाने के लिए सड़क पर खड़े कर उपयोग किया गया। दो घंटे की मशक्कत के बाद भीषण आग पर थोड़ा काबू पाया गया, लेकिन इस चार से पांच घंटे की आग ने सागौन और बांस के सैकड़ों पेड़ों को जलाकर राख कर दिया।



### बांस और सैकड़ों पेड़ जलकर हुए राख



### चारों ओर काला ही काला

शनिवार को होली के दूसरे दिन किसी अज्ञात व्यक्ति ने अरण्यिका में बाहर से आग लगाई और वहां से फरार हो गया। आग की लपटें चारों ओर फैलने के कारण कर्मचारियों के साथ नगर निगम के दमकल को भी बुझाने के लिए काफी मशक्कत उठानी पड़ी। दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद दमकल से पानी पड़ने के कारण बाहर से कुछ दूरी तक आग को बुझाने में सफलता मिली, लेकिन स्मृति वन की ओर के क्षेत्र में आग के कारण चारों ओर जमीन पर काला ही काला कचरा जैसे हो गया। रविवार को दूसरे दिन भी बांस और सागौन के स्थान पर जमीन में आग की लपेट और गरम के कारण कोई भी कर्मचारी अंदर प्रवेश नहीं कर सका।

### 30 घंटे बाद भी नहीं बुझी आग

होली के दूसरे दिन शनिवार को छुट्टी की तरह ही पूरे एरिया का माहौल बना हुआ था। कानन पेण्डारी जू और स्मृति वन में भी कर्मचारियों की संख्या काफी कम थी। शनिवार की छुट्टी के साथ होली का पर्व भी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने घरों में मना रहे थे। इस दौरान अरण्यिका में आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही अधिकारियों-कर्मचारियों के होश उड़ गए। अरण्यिका के कर्मचारियों के अनुसार ग्रामीणों ने आग बुझाने में पूरा सहयोग दिया। आग को बुझाने के लिए स्मृति वन, कानन पेण्डारी जू के स्टाफ भी पहुंच गए। शनिवार की शाम तक आग को बुझाने में थोड़ी बहुत सफलता तो मिली, लेकिन पूरी तरह से आग पर 30 घंटे बाद भी काबू नहीं पाया जा सका।

### बुझा ली गई आग

अरण्यिका में आग लगने की घटना के कारण की जानकारी नहीं है। आग लगने की सूचना जैसे ही मिली वैसे ही तत्काल स्टाफ को आदेश दिया गया। इसके साथ ही नगर निगम की दमकल भी मौके पर पहुंच गई थी। आग पर एक से दो घंटे में काबू पा लिया गया था। इसमें अब तक किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

- **अभिनव कुमार**
डीएफओ, सामाजिक वानिकी

### आग स्वयं लगाते हैं मौके पर

अरण्यिका के कर्मचारियों का कहना है कि किसी व्यक्ति ने बीड़ी पीकर अंदर फेंक दिया था। गर्मी के मौसम में पेड़ से गिरने वाले सूखे पत्ते के कारण आग पूरे क्षेत्र में फैल गई, जिसे दो से तीन घंटे में बुझा दिया गया। इसमें कुछ पेड़ भी जलकर गिर गए थे। कर्मचारियों के अनुसार सागौन और बांस के पेड़ के नीचे सूखे पत्तों पर प्रतिवर्ष गर्मी के मौसम में आग लगाया जाता है, ताकि वहां सफाई भी हो जाए। फिलहाल इस आग के कारण किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।

# गर्भवती को लगा दिया गलत इंजेक्शन, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) में बड़ी लापरवाही सामने आई है। अस्पताल स्टाफ ने एक स्वस्थ गर्भवती महिला को गलत इंजेक्शन लगा दिया, इससे पांच महीने का गर्भ नष्ट हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने सिम्स में जमकर हंगामा मचाया और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। वहीं प्रबंधन ने साफ तौर पर कह दिया है कि महिला को अत्यधिक ब्लीडिंग हो रही थी, ऐसे में सोनोग्राफी के बाद भ्रूण नष्ट करने की पहल की गई थी।

कोटा क्षेत्र के करगीकला गांव निवासी गिरिजा साहू पित बद्री प्रसाद साहू 24 वर्ष को पेट दर्द की शिकायत थी। 13 मार्च को उसे सिम्स में भर्ती किया गया। कोटा सीएचसी से रिफर होकर आई महिला को उम्मीद थी कि सिम्स में बेहतर इलाज किया जाएगा। 14 मार्च को ब्लीडिंग बढ़ने पर सिम्स के डाक्टरों ने सोनोग्राफी कराने की बात कही। मरीज गिरिजा ने बताया कि अस्पताल में एक और गर्भवती महिला कविता उसके साथ ही भर्ती की गई थी, जिसके गर्भ में आठ माह के शिशु की मौत हो गई थी, इंफेक्शन के खतरे को देखते हुए उसे गर्भपात के लिए इंजेक्शन दिया जाना था, लेकिन गलती से यह इंजेक्शन उसे लगा दिया गया।

इंजेक्शन लगते ही उसकी

### सिम्स का मामला

प्रबंधन ने कहा- कोई गलती नहीं



तबीयत खराब हो गई और ब्लीडिंग शुरू हो गई। दर्द असहनीय हो गया और अंततः उसका गर्भपात हो गया। परिजनों ने अस्पताल प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की। मामले में सिम्स प्रबंधन ने कहा कि मरीज को सोनोग्राफी के लिए भेजा गया, लेकिन परिजनों ने सिम्स में सोनोग्राफी कराने से मना कर दिया और बाहर से निजी अस्पताल से सोनोग्राफी कराई है, इस दौरान विलंब हो चुका था, डाक्टरों के अनुसार रिपोर्ट 2 बजे आई। इस दौरान गिरिजा के पेट में भ्रूण मृत मिला, जिसके बाद उसका इलाज सिम्स के डाक्टरों द्वारा किया गया और भ्रूण को बाहर निकाला गया है।

### आरोप निराधार

मरीज के समस्त दस्तावेजों का परीक्षण किया गया है, परिजनों का आरोप निराधार है। इसके बावजूद शिकायत के आधार पर जांच कराई जाएगी। लापरवाही साबित होने पर कार्रवाई भी तय की जाएगी।

- **डॉ लखन सिंह**
अधीक्षक सिम्स



सिम्स में पीड़ित महिला के साथ परिजन।

### एक अप्रैल से पहले पूरी करनी होगी भर्ती प्रक्रिया

# 2621 डीएलएड वालों को मिलेगी नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डीएलएड डिप्लोमाधारक सहायक शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया 1 अप्रैल से पहले पूरी कर ली जाएगी। हाईकोर्ट के निर्देशों के बावजूद स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर न्यायालय ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर स्पष्ट निर्देश दिया है कि अगली सुनवाई से पहले नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की जाए। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस अरविंद वर्मा ने राज्य सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोर्ट ने राज्य के स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को 1 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित रहने का आदेश भी दिया है।

ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ में प्राइमरी स्कूलों में डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने पहले से नियुक्त बीएड



- बीएड डिग्रीधारियों को हटाने के बाद जहां पद खाली वहां का आदेश होगा जारी
- हाईकोर्ट ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को 1 अप्रैल को उपस्थित रहने का आदेश दिया

डिग्रीधारी शिक्षकों को बर्खास्त करने का आदेश दिया था। इसके बाद हाई कोर्ट ने डीएलएड डिप्लोमाधारक शिक्षकों की नियुक्ति का निर्देश दिया था। इसके बावजूद लेकिन राज्य शासन स्तर पर देरी होने के कारण प्रकाश साहू सहित अन्य याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट में अवमानना याचिका दायर कर दी है। हाईकोर्ट ने सरकार को 1 अप्रैल से पहले सभी डीएलएड शिक्षकों की नियुक्ति करने का अंतिम मौका दिया है।

### शासन का तर्क स्वीकार नहीं

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि यदि राज्य सरकार समय पर आदेश का पालन नहीं करती है, तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। दूसरी ओर राज्य सरकार ने अदालत को जानकारी दी कि प्रदेश के प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों के 900 पद रिक्त हैं। कोर्ट ने शासन से रिक्त पदों की पूरी जानकारी के साथ रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं। राज्य शासन ने अदालत में तर्क दिया कि शैक्षणिक सत्र के बीच में शिक्षकों की नियुक्ति करने में प्रशासनिक दिक्कतें आ सकती हैं। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद छह माह से अधिक का समय नहीं दिया जा सकता। अब इस मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को होगी, जहां राज्य सरकार को नियुक्ति प्रक्रिया की प्रगति रिपोर्ट पेश करनी होगी।

### 2621 डीएलएड अभ्यर्थियों को नौकरी मिलेगी

इसमें शिक्षक भर्ती परीक्षा-2023 में शामिल हुए कुल 2621 डीएलएड अभ्यर्थियों को नौकरी मिलेगी। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय से सूचना जारी की गई है। पहले शिक्षक भर्ती के लिए ऑनलाइन काउंसिलिंग होती थी। यानी जिन अभ्यार्थियों के नाम मेरिट लिस्ट रहता था, वे स्कूल का विकल्प भरते थे। फिर इस लिस्ट के अनुसार स्कूलों का आबंटन होता था। लेकिन इस बार ऑनलाइन काउंसिलिंग नहीं हो रही है। जानकारी के मुताबिक जिन जिलों में जितनी संख्या में जिस संवर्ग यानी अनारक्षित, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और ओबीसी वर्ग के अभ्यर्थियों की सेवाएं समाप्त की गई है, उस जिले में उतनी ही संख्या में संवर्ग वार डीएलएड अभ्यर्थियों की नियुक्ति होगी।



### कल जारी हो सकती है पूरी लिस्ट

बीएड के आधार पर चयनित सहायक शिक्षकों की सेवाएं पिछले दिनों समाप्त की गईं। इनके हटने के बाद जिन स्कूलों में पद खाली हैं, वहीं डीएलएड वालों की भर्ती होगी। इसके लिए 18 मार्च को शाला आबंटन की लिस्ट जारी होगी। इस लिस्ट के अनुसार अभ्यर्थियों का दस्तावेज सत्यापन 19 से 26 मार्च तक होगा। यह प्रक्रिया संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) आफिस में आयोजित की जाएगी। 26 मार्च के बाद दस्तावेज सत्यापन में शामिल होने का अवसर नहीं मिलेगा। इसमें अपात्र किए गए अभ्यर्थी 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर में दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं दूसरी ओर पात्र अभ्यर्थियों को 28 मार्च को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा।

# तापमान पहुंचा 41 डिग्री, फिर आसमान पर छाने लगे बादल

**बिलासपुर।** जिले सहित प्रदेश में हीट वैव की आशंका बनी हुई है, होली पर 14 और 15 मार्च को पारा 40 डिग्री के पार जा पहुंचा। इस दौरान खासी गर्मी पड़ने के बाद लोगों का हाल बेहाल हो गया। लोगों को राहत पाने के लिए तत्काल एसी और कूलर की जरूरत पड़ी। एकाएक तापमान बढ़ने से लोगों को राहत मिलने में काफी समय लगा, हालांकि रविवार को तापमान में 2 डिग्री कमी आई और पारा 38 डिग्री दर्ज किया गया।

- प्रदेश के 16 जिलों में येलो अलर्ट।
- मार्च में 41 डिग्री के करीब पहुंच चुका है पारा

मौसम विभाग ने 16 जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में तापमान 40 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के जिलों में हीट-वैव की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार शनिवार को बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म स्थान रहा। यहां अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं सबसे कम तापमान 15.6 डिग्री अंबिकापुर में दर्ज किया गया। मौसम जानकारों के अनुसार पारा एक के बाद एक नए अंक पर जा रही है, तापमान के तेजी ऊपर जाने को देखकर हर कोई हैरान है। ऐसे में अप्रैल में ही पारा 45 से 48 डिग्री पहुंचने के आसार बन चुके हैं। हालांकि कुछ लोगों का मानना है कि पारा बढ़ने के साथ ही आसमान पर बादल मंडराने लगे हैं और कुछ दिनों में तापमान में खास बढ़ोत्तरी नहीं देखी जाएगी।

16 MARCH- BSP-PG-2_Layout 1 3/17/2025 12:20 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### गुलदस्ता फाउंडेशन की प्रदर्शनी 21 से

**बिलासपुर।** गुलदस्ता फाउंडेशन द्वारा महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन के लिए समर्पित तीन दिवसीय भव्य प्रदर्शनी 21 मार्च से उद्योग भवन में लगाई जाएगी। फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में अगर कोई अपना स्टाल लगाना चाहता है तो वे फाउंडेशन के सदस्यों से संपर्क कर सकते हैं।

### तिफरा यदुनंदन नगर सब्जी मंडी की दुकान पर अवैध कब्जा



**बिलासपुर।** लाखों रूपए की लागत से बने दुकानों पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। शिकायत के बाद भी कब्जाधारी दुकान खाली करने को तैयार नहीं हैं। तिफरा ग्राम पंचायत के समय यदुनंदन नगर सब्जी मार्केट के पास दर्जन भर से अधिक दुकान का निर्माण कराया गया था। दुकान के सामने पार्किंग की व्यवस्था रखी गई थी। योजना के अनुसार उक्त सभी दुकानों को बेरोजगार युवाओं को आबंटन करना था। ताकि वे अपना स्वयं का रोजगार कर सके। कई वर्ष बीत जाने के बाद भी जरूरतमंदों को दुकानों का आबंटन नहीं किया गया। देखरेख के अभाव में लाखों रूपए की लागत से बने सारे दुकान जर्जर हो चुके हैं। जिसे स्थानीय लोग अवैध रूप से कब्जा जमाकर गोदाम के रूप में उपयोग कर रहे हैं।

### सीएनजी के लिए फिर खोदा गया गड्ढा ट्रैफिक जाम से लोग परेशान



**बिलासपुर।** शहर के विभिन्न पेट्रोल टंकियों में सीएनजी गैस के लिए अलग से टंकी का निर्माण कराया गया है। जिसमें गैस की सप्लाई भूमिगत पाइप के माध्यम से किया जाना है, जिसका ठेका देश की एक निजी कंपनी को मिला है। कंपनी के कर्मचारियों ने कुछ माह पूर्व महाराणा प्रताप चौक के पास गड्ढा खोदकर सीएनजी गैस सप्लाई के लिए पाइप बिछाई थी। जिसके कारण वाहन चालकों को घंटों ट्रेफिक में फंसना पड़ रहा था। बिछाई गए पाइप में कुछ फाल्ट आने के करण कंपनी के कर्मचारी फिर से खुदाई कर सड़क को जाम कर दिए हैं। लोग आए दिन ट्रेफिक में फंसे रहते हैं।

### महाराणा प्रताप चौक पर ऑटो वालों का कब्जा, निकलने की नहीं रहती जगह



**बिलासपुर।** शहर के अव्यवस्थित यातायात के कारण वाहन चालक आए दिन जाम में फंस रहे हैं। प्रशासन द्वारा लोगों को जाम से निजात दिलाने शहर के प्रमुख चौक-चौरहों पर ट्रेफिक सिग्नल व यातायात पुलिस तैनात की है। लेकिन, नियमों का कड़ाई से पालन न होने के कारण लोग आए दिन जाम में फंसने को मजबूर है। मालूम हो कि महाराणा प्रताप चौक शहर का सबसे व्यस्त चौराहा है। जहां रायपुर से आने वाली ज्यादातर भारी वाहन महाराणा प्रताप चौक से होते हुए व्यापार विहार, मुंगेली रोड व शहर की तरफ आती है। इसके अलावा हाईकोर्ट के जज, उच्च अधिकारी सहित कर्मचारी इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। साथ ही हाईटेक बस स्टैण्ड से निकलने वाली ज्यादातर बसें इसी चौक से गुजरती है। ट्रेफिक व्यवस्था कमजोर होने के कारण सुबह से देर रात तक वाहन चालकों को जाम का सामना करना पड़ता है।

### पुलिस गाड़ी की टक्कर से घंटों रही बिजली गुल, मंगलावासी परेशान

**बिलासपुर।** पुलिस पेट्रोलिंग गाड़ी की टक्कर से विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गया, जिससे घंटों बिजली गुल रही है। सूचना



मिलने के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त किया। घटना मंगला क्षेत्र की है। पुलिस विभाग की पेट्रोलिंग गाड़ी सीजी-09जेसी-4500 स्कार्पियो वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए मंगला क्षेत्र के विद्युत पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे ट्रांसफरमर नीचे जमीन पर गिर गया। गाड़ी की ठोंकर लगते ही पूरे क्षेत्र की बिजली गुल हो गई। सूचना मिलते ही बिजली विभाग के कर्मचारियों ने बिजली व्यवस्था को दुरूस्त किया। वहीं इस ठोंकर से स्कार्पियो वाहन का एक हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

### सीएसपी कार्यालय में कचरे का अंबार कभी भी लग सकती है भीषण आग



**बिलासपुर।** सीएसपी कार्यालय में इन दिनों कचरे का अंबार लगा हुआ है। जगह-जगह कचरा बिखरा होने के कारण पूरे परिसर में बदबू फैला हुआ है। हालांकि समय-समय पर कचरे को एकत्रित किया जाता है, लेकिन उठाव न होने के कारण कचरा बिखरा रहता है। बदबू के कारण पुलिस अधिकारी व कर्मचारी दफ्तार आने से कतराने लगे हैं। सीएसपी कार्यालय क्षेत्र में बड़े और पुराने वृक्ष लगे हुए हैं, जिनके पत्ते इन दिनों काफी झड़ रहे हैं। जिसके कारण के पूरे परिसर में पत्ते ही नजर आ रहे हैं। जो आने-जाने वाले लोगों के लिए परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं।

---

**कई लोग दुर्घटनाओं में घायल हो चुके हैं तो कुछ की मौत हो चुकी**

# 4 करोड़ खर्च कर गोकुल डेयरी बनाई, 5 गौशालाओं को सालाना 78 लाख का अनुदान, फिर भी शहर की हर सड़क पर मवेशियों का झुंड

## हाईकोर्ट की फटकार का असर भी नहीं पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की सड़क, गली, मोहल्ले पर एक नजारा आम है। वह है झुंड बनाकर बैठी गायों का। कभी इसपर लोग टकरा जाते हैं, तो लड़ते झगड़ते ये बाइक सवारों पर टकरा जाती है। इससे हुई कई घटनाओं में लोग गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं तो कुछ की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद निगम प्रशासन ध्यान देने तैयार नहीं है। हैरानी यह कि सरकार ने 4 करोड़ खर्च कर गोकुल डेयरी बनाई है जो फेल होती नजर आ रही है। यही नहीं। 5 गौशालाओं को सालाना 78 लाख का अनुदान भी दिया जा रहा है फिर भी मवेशी सड़क पर पसरे मिल जाते हैं। एक रात पहले ही संभागायुक्त महादेव कावरे आफिस से चंद कदम दूर मुंगेली नाका चौक पहुंचे तो सड़क पर मवेशियों का झुंड बैठे देख भड़क गए। उन्होंने एसडीएम को तलब कर मवेशियों का उचित प्रबंध करने निर्देश दिया है। ऐसे निर्देश पहले भी दिए जा चुके हैं। यहां तक की हाईकोर्ट की फटकार का भी असर नहीं पड़ रहा है।

फिलहाल ट्रैफिक की सबसे बड़ी समस्या अधिकारियों की लापरवाही और मवेशी कहे जाएं तो गलत नहीं होगा। मोपका रोड, छठ घाट पुल, रायपुर नेशनल हाइवे रोड, अल्क एवन्यू रोड, दर्रीघाट पुल, शनिचरी रपटा, जूना बिलासपुर, लिंक रोड सहित गली-मोहल्लों की सड़कों तक गाय-भैसों के जमावड़े से जाम हो रही है। इनसे स्कूली बच्चों सहित दफ्तर आना-जाना करने वालों का समय तो खराब होता है जान भी जोखिम में रहती है। इसी तरह गोंड़पारा, शनिचरी रोड, रिवर व्यू रोड, सिम्स से गोंड़पारा रोड, लोधीपारा, कोनी, देवरीखुर्द, लालखदान, सीपत चौक, अशोक नगर, लिंगियाडीह, शहर के चारों बाईपास के अलावा बिलासपुर से रतनपुर रोड, उसलापुर, सकरी, कोटा रोड, मस्तूरी रोड, दर्रीघाट, तिफरा काली मंदिर, परसदा, रायपुर रोड, सीपत रोड में सड़क पर बैठे गाय और भैंसें रोजाना लोगों की राह में परेशानी पैदा कर रही हैं।



लाखों रुपए की लागत से बनी गौशाला मवेशियों के अभाव में वीरान।

**की जाएगी सख्ती**

जिला प्रशासन के साथ ही निगम अमला इस दिशा में काम तो कर रहा है। कुछ योजनाएं भी अलग से बनाई गई हैं। चरवाहे की संख्या बढ़ाई जा रही है जिससे की मवेशियों को कंट्रोल कर सकें। मवेशी पालकों को भी समझाइश दी जा रही है कि सड़कों पर खुला ना छोड़े। सख्ती भी की जाएगी।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

### गोकुल नगर बसाने में लाखों खर्च, डेयरियां नहीं हुई शिफ्ट

निगम प्रशासन ने घुरु में 33 एकड़ क्षेत्र में गोकुल नगर बसाया। बिजली के अलावा इमरजेंसी के लिए जनरेटर सेट से लेकर तमाम सुविधाएं जुटाने पर 4 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। इसके बाद भी वहां 46 डेयरियां ही शिफ्ट हुईं। बाकी 46 डेयरी संचालकों को प्लॉट लिए महीनों गुजर गए, लेकिन उन्होंने अपने शेड नहीं बनाए। शहर में इस समय 100 से अधिक डेयरियां चल रही हैं, जिन्हें गोकुल नगर में शिफ्ट किए बिना ट्रैफिक की समस्या हल नहीं होगी। निगम को आवारा मवेशियों को शहर से हटाने अभियान चलाने की जरूरत है। देखा जाए तो शहर सहित गांवों के पशु पालक केवल दुधारू गायों को कोठे में रखते हैं। चारा न देना पड़े, इसके लिए बाकी को खुला छोड़ देते हैं। जब इनका पेट भर जाता है तो सड़क पर विचरने लग जाते हैं।

### पहले थी व्यवस्था, अब सब बंद

लोगों की मानें तो खुले में छोड़े गए मवेशी फसलों को भी नुकसान पहुंचाते हैं। पहले इनके लिए पंचायत स्तर पर कांजी हाउस बनाए जाते थे। इनका संचालन ग्राम पंचायत करती थीं। आवारा घूमते मिले गाय-बैलों व अन्य मवेशियों को यहां रखा जाता था। लापरवाह पशु पालकों से जुर्माना वसूलने के बाद ही उन्हें लौटाए जाते थे। यह व्यवस्था धीरे-धीरे बंद हो चुकी है। लोग लापरवाह हो चले हैं। प्रशासन ने भी जागरूकता लाने के लिए कोई प्रयास नहीं किया। यही वजह है कि इसे लेकर व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है।

### बिना प्रशिक्षण पकड़ रहे मवेशी

निगम प्रशासन ठेका कर्मियों से बिना किसी प्रशिक्षण के मवेशियों को पकड़वाने का काम करा रहा। इसलिए ही संभवतः कोई ऐसा ठेका श्रमिक नही बचा है जो मवेशियों को पकड़ने के दौरान घायल न हुआ हो। गाय, भैस, बैल और सांड़ पकड़ने जैसा खतरनाक काम करने वालों को घायल होने पर दवा और मलहम देना तो दूर उन्हें 2-2,3-3 माह तक उनका पारिश्रमक तक नही दिया जा रहा। सवाल यह है कि यदि मवेशियों को पकड़ने के दौरान कोई बड़ी अनहोनी होती है तो आखिर इसका जिम्मेदार कौन होगा।

### यह है पूरे शहर की हालत

- मोपका में निगम का बड़ा गौठान है। इसके बाद भी इस पूरे क्षेत्र में हर तरफ मवेशियों का झुंड सड़क पर देखा जा सकता है। शुक्रवार की शाम को 10 से अधिक जगहों पर गायें झुंड में बीच सड़क में बैठीं थीं।
- गायों के बैठने के लिए एक और मुफीद जगह उसलापुर रोड और अल्क एवेन्यू जाने वाली सड़क है। रात की तो बात ही अलग है, भरी दोपहरी में दोपहर 2 बजे उसलापुर स्टेशन से थोड़ा पहले और कालोनी के गेट के सामने मवेशियों का झुंड बीच सड़क पर बैठा था।
- कोनी रोड में शाम 7 बजे के करीब ट्रैफिक जाम की स्थिति मिली। इंजीनियरिंग कालेज, सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों की भीड़ थी। इसी भीड़ से होकर रतनपुर रोड पर वाहनों का आनाजाना जारी थी। आईटीआई गेट और इंजीनियरिंग कॉलेज गेट के पास मवेशियों का एक झुंड सड़क पर था। यह झुंड इस तरह बैठा था कि रास्ता पूरा जाम था।
- रायपुर रोड में तो हर तरफ बीच सड़क पर मवेशी मिल जाएंगे जबकि इस तरफ हाईकोर्ट भी है जो अधिकारियों को कई बार फटकार लगाने के साथ ही जवाब भी मांग चुका है। तिफरा में बजरंग होटल के सामने, नए बस स्टैंड के सामने मवेशी बीच सड़क पर देखे जा सकते हैं।

---

**स्तर के आधार पर स्कूलों को मिलने थे प्लेटिनम, गोल्ड और सिल्वर मैडल**

# शुरू होने से पहले बंद हो गई सुघ्घर पढ़वइया योजना, पंजीयन के बाद नाम लिया वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सभी शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वालों बच्चों में उनकी प्रतिभा के अनुरूप कौशल विकसित करने के लिए सुघ्घर पढ़वईया योजना शुरू की गई थी जो कि बंद हो गई है।

इस योजना के तहत बच्चों में कौशल विकसित करने पर उत्कृष्ट विद्यालयों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार दिया जाना था। इसके लिए जिले के 300 से अधिक स्कूलों ने पंजीयन कराया है, लेकिन जानकर हैरानी होगी कि इस योजना में जिले का सिर्फ एक स्कूल माध्यमिक कन्या शाला जूना बिलासपुर ही शामिल हो सकी। मात्र 14 स्कूलों ने योजना अंतर्गत दिए गए गाइडलाइन की चुनौती को स्वीकार किया था। बाद में 13 स्कूलों ने अपना नाम वापस ले लिया। योजना के तहत प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों को अपने आप को इस बात के लिए तैयार करना था कि उस स्कूल में पढ़ाई, अनुशासन, इको सिस्टम, स्कूल भवन से लेकर सब कुछ बेहतर है। जिले से एकमात्र स्कूल जूना बिलासपुर स्थित कन्या माध्यमिक शाला ने इसके लिए आवेदन किया लेकिन इसके बाद सब बंद हो गया।



### ऐसा होना था मूल्यांकन

योजना में एससीईआरटी की तरफ से किस कक्षा के छात्र को कितना बेसिक ज्ञान होना चाहिए, इसको लेकर पूरी गाइडलाइन तैयार की गई। इसे वेबसाइट पर अपलोड भी किया गया है। इसके मुताबिक पहली कक्षा का छात्र है, उसे हिंदी में सुनकर समझकर बोलना आना चाहिए, मौखिक भाषा का विकास, ध्वनि जागरूकता, डिकोडिंग, पठन कौशल ये दक्षताएं होनी चाहिए। इसी तरह पांचवीं कक्षा के छात्र को सुनकर समझना, शब्दावली विकास, व्याकरण, पठन और लेखन कौशल आना चाहिए। विशेषज्ञ आंकलन के दौरान छात्रों का इम्तहान लेने वाले थे।

### प्लेटिनम, गोल्ड और सिल्वर में मिलनी थी राशि

गौरतलब है कि पिछले साल सितबंर 2023 में यह योजना लांच हुई थी। योजना के तहत स्कूल प्रबंधनों को आवेदन करके अपने स्कूल का आंकलन करवाना था।

आंकलन की कसौटी पर खरा उतरने पर स्कूलों को उनकी मांग के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराया जाना था। हालांकि योजना से जुड़ने के लिए किसी भी स्कूल पर दबाव नहीं बनाया गया और जो स्कूल स्वेच्छा से जुड़ना चाहते थे इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते थे। इसके तहत उन्हें प्लैटिनम अवार्ड मिलने पर एक लाख, गोल्ड पर 50 हजार रुपए और सिल्वर मैडल पर राज्य शासन की ओर से 25 हजार रुपए दिए जाने थे। उस दौरान जानकारी मिली थी कि थर्ड पार्टी आंकलन के लिए दूसरे स्कूलों में जाने के लिए 300 स्कूलों ने सहमति जताई है।

### साल भर चली कवायद

इस योजना को लांच करते हुए दावा किया गया था कि इससे स्कूलों के स्तर में सुधार होगा। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की तरफ से दक्षता मापदंड भी तैयार किए किए गए। विभाग की वेबसाइट पर इसे अपलोड भी कर दिया गया। योजना में भाग लेने वाले शिक्षकों को चार दिनी ट्रेनिंग भी एससीईआरटी कार्यालय में दी गई। प्राथमिक स्कूल के शिक्षक को हिंदी, अंग्रेजी, गणित और पर्यावरण की ट्रेनिंग दी गई तो माध्यमिक स्कूलों के शिक्षकों को हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान का प्रशिक्षण दिया गया।

### स्कूलों को दी जाती है ग्रेडिंग

स्कूलों में छात्रों को अच्छी शिक्षा मिले और स्कूल प्रबंधन खुद का आंकलन कर सकें, इसलिए सुघ्घर पढ़वईया योजना शुरू की गई थी। इस योजना के तहत स्कूलों को आंकलन कराने के लिए आवेदन करना था। आंकलन के बाद स्कूलों को ग्रेडिंग दी जाती और मांग के अनुसार संसाधन उपलब्ध कराए जाने थे। लेकिन राज्य स्तर से टीम नहीं पहुंच सकी।

- **वासुदेव पांडे**
समन्वयक शहरी
स्त्रोत केन्द्र

---

# एक दिन के लिए चलेगी हैदराबाद की फ्लाइट, बुकिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- **अलायंस एयर की साइट पर उपलब्ध हो रही है टिकट**



बिलासपुर से हैदराबाद की फ्लाइट की मांग सालों से की जा रही है। कंपनी लगातार मांगों को अनसुना कर रही है, लेकिन मंगलवार को कंपनी द्वारा एक दिन के लिए हैदराबाद की फ्लाइट चलाई जा रही है। इसके लिए पिछले दो दिनों से बुकिंग भी शुरू की जा चुकी है।

18 मार्च को महज एक दिन के लिए बिलासपुर से हैदराबाद की फ्लाइट चलाई जाएगी। फ्लाइट हैदराबाद से सुबह 9.40 मिनट पर उड़ान भरेगी और 11.30 मिनट पर बिलासपुर पहुंचेगी। साथ ही शाम 4.30 मिनट पर अलायंस एयर की फ्लाइट बिलासपुर से उड़ान भर कर शाम 6.20 मिनट पर हैदराबाद लैंड करेगी।

खास बात यह है कि बिलासपुर से हैदराबाद की फ्लाइट का किराया 3 हजार रूपए है और हैदराबाद से बिलासपुर की फ्लाइट की टिकट 4 हजार रूपए में उपलब्ध हो रही है। एयरपोर्ट डायरेक्टर एनबी सिंह ने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते फ्लाइट यहां से चलाई जाएगी, इसका फायदा भी यात्रीगण ले सकेंगे, बुकिंग खोल दी गई है।

### एयरलाइन्स कंपनी ने घटाई यात्रियों की संख्या

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने बिलासा देवी केंवट एयरपोर्ट के रनवे की रिपेयरिंग करने मांग की है। दरअसल एलाइंस एयर ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की संख्या 72 से घटाकर 60 करने का निर्णय लिया है। बिलासा एयरपोर्ट का रनवे 1500 मीटर लंबा है और तापमान 40 डिग्री पर पहुंचने पर टेकऑफ में परेशानी का सामना करना पड़ता है। 72 यात्रियों को लेकर उड़ने के लिए फ्लाइट को अधिक दूरी और प्रेशर की जरूरत पड़ती है, लेकिन रनवे छोटा होने के चलते यह संभव नहीं है। यात्रियों की संख्या में कमी करने पर इसका भार यात्रियों को उठाना पड़ेगा। सुविधाओं में कमी होगी और टिकट में बढ़ोत्तरी तय है। सदस्यों ने कहा कि 4सी एयरपोर्ट के साथ ही 2200 मीटर लंबा रनवे नहीं बनने के कारण यह समस्या झेलनी ही होगी। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महाधरने में रामशरण यादव, जसबीर सिंह चावला, पारस राम केंवट, प्रतीक तिवारी, अभिषेक चौबे, मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

---

# एसपी ने कोटा थाने का किया निरीक्षण

**बिलासपुर।** एसपी रजनेश सिंह रविवार को अचानक कोटा थाने पहुंचे। उन्होंने थाने में दर्ज अपराधिक मामलों की जानकारी ली। इसके साथ ही बीते 10 दिनों में की गई कार्रवाई का ब्योरा लिया।

उन्होंने थाने में पदस्थ जवानों को आम लोगों की तकलीफों को समझते हुए काम करने के निर्देश दिए। श्री सिंह होली के बाद रविवार को अचानक कोटा थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने थाने में दर्ज अपराध की समीक्षा। उन्होंने बीते 20 दिनों में थाने में दर्ज मामलों की जानकारी ली। इसके साथ ही आबकारी और प्रतिबंधात्मक व अन्य प्रकरण में कार्रवाई को लेकर उन्होंने थाना प्रभारी सुमित



कुमार की प्रशंसा की। उच्च न्यायालय में चल रहे मामलों की जानकारी लेकर समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर में बाउंड्री वाल बनवाने के लिए प्रस्ताव बनाकर देने कहा है। उन्होंने थाने में पदस्थ जवानों से कार्यों की जानकारी ली।

# कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारंभ

**बिलासपुर।** अखंड नवधा रामायण ग्राम परसदा परसौड़ी में 16 मार्च रविवार को कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा प्रारम्भ हुआ। इसका समापन 25 मार्च मंगलवार को एवं हवन सहस्त्रधारा पूर्णाहुति 26 मार्च को होगा। इस अवसर पर कथ प्रारंभ होने से पूर्व आज ग्राम परसदा परसौड़ी बजरंग चौक गोड़पारा में कलश यात्रा निकाली गई।

इस आयोजन में विभिन्न स्थानों से 300 मानस मंडली, धार्मिक गायक, वाद्य कलाकार एवं प्रवचन कार आमंत्रित किए गए हैं। इस आयोजन के मुख्य आचार्य कन्हैयालाल मिश्र अकलतरी अपनी मधुर वाणी से श्रद्धालुओं को भक्तिरस का अमृत पान



कराएंगे। आयोजन समिति के मुख्य यजमान भीष्मक राम केंवट, नरेश केंवट, रामेश्वरी केंवट व अनीता केंवट हैं। मंच संचालन रामकृष्ण केंवट, काशी प्रसाद केवट, नंदकुमार ध्रुव, धनेश्वर व रोहित केंवट हैं। व्यवस्थापक टीकाराम, धनसाय ध्रुव,शेखर, भास्कर, अक्षय, आर्यन, बजरंगी,गनेश व समस्त समिति के सदस्य आवश्यक तैयारी में जुटे हुए हैं।

---

**कर्मचारियों व यात्रियों के लिए लगाए जा रहे हैं वाटर कूलर**

# रिजर्वेशन कार्यालय के स्टाफ और यात्रियों की बुझेगी वाटर कूलर से प्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर के गेट नम्बर एक पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय को स्काउट एंड गाइड की बिल्डिंग में शिफ्ट तो कर दिया गया है, लेकिन उक्त स्थान पर सुविधाओं का काफी अभाव है। पीने को पानी नहीं और शाम होते ही अंधेरा पसरा रहता है। रेल अफसरों ने नए आरक्षण कार्यालय पहुंचकर सफाई करने के साथ वाटर कूलर लगाने का आदेश दिया है।

पूर्व में संचालित स्टेशन के गेट नम्बर एक पर स्थित आरक्षण



कार्यालय में बुकिंग कराने वाले लोगों को पीने का पानी, आनलाइन बुकिंग नहीं होने की स्थिति में स्टेशन पर एटीएम बूथ की सुविधा मिल जाती थी। वर्तमान स्थान पर संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय में पानी के लिए बुकिंग कराने वाले लोगों के साथ स्टाफ भी तरस रहे हैं। आसपास में कोई एटीएम बूथ की सुविधा नहीं होने के कारण लोगों को तारबाहर चौक और बुधवारी बाजार की दौड़ लगानी पड़ रही है। इसकी जानकारी मिलने के उपरांत अफसरों के आदेश पर सफाई का कार्य शुरु कर दिया गया है। स्काउट एंड गाइड में संचालित होने वाले आरक्षण कार्यालय के बाहर की स्थिति काफी खराब है। कंस्ट्रक्शन विभाग ने पीआरएस में स्टाफ के बैठने की व्यवस्था तो कर दी, लेकिन बाहर मैदान का काम कुछ नहीं किया है। चारों ओर कचरा और गड्ढे.के कारण गाड़ियों को रखना मुश्किल हो जाता है, जिसकी वजह से लोग सड़क के किनारे गाड़ियां खड़े कर रहे हैं।

### किया जा रहा है कार्य

स्काउट एंड गाइड की बिल्डिंग में आरक्षण कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। यहां कुछ दिन पहले सभी रेल अफसरों ने निरीक्षण कर समस्या देखी थी। बिल्डिंग के बाहर सफाई कराने के बाद उसे प्लेन किया जाएगा, ताकि भविष्य में पार्किंग के लिए कोई परेशानी न हो। इसके अलावा दूसरे भी कार्य शुरु कर दिए गए हैं।

-**अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम,
रेल मंडल बिलासपुर

# सड़क मरम्मत की शुरुआत सिरगिट्टी से गजरा चौक तक

**बिलासपुर।** रेलवे की खराब सड़कों के मरम्मत का कार्य रेल प्रशासन ने सालों बाद अब शुरु कर दिया है, जिसके तहत वर्तमान में सिरगिट्टी से गजरा चौक के बीच जर्जर सड़कों का कार्य प्रगति पर है। बिलासपुर डिवीजन के रेलवे क्षेत्र और कालोनियों में बनी सड़कों की हालत काफी खराब हो चुकी है, जिसके कारण कालोनियों में रहने वाले रेल कर्मचारियों व उनके परिजन के साथ स्टेशन तक आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सबसे अधिक परेशानी रात में होती है। सड़कों पर लगे स्ट्रीट लाइट नहीं जलने के कारण दुर्घटना होने की आशंका भी बनी रहती है। रेल प्रशासन ने सिरगिट्टी से गजरा चौक सड़क मार्ग का विकास, प्रदूषण और धूल से मुक्त सड़क मार्ग बनाने का कार्य तीव्र गति से प्रारंभ कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अनुराग कुमार सिंह ने बताया कि रेल प्रशासन, रेलवे परिक्षेत्र के विकास, सौंदर्यीकरण एवं आम लोगों को रेलवे क्षेत्र में सुगम यातायात की सुविधा उपलब्ध कराने प्रतिबद्ध है। इस कार्य के पूरा होने से यातायात सुगम होग और धूल आदि से भी लोगों को निजात मिलने के अलावा दुर्घटना की संभावना में भी कमी आएगी।

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, सोमवार 17 मार्च 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




एजुकेशन अपडेट

## आर्मी अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू, 10वीं और 12वीं पास

**बिलासपुर।** भारतीय सेना ज्वाइन करने का सोच रहे युवाओं के लिए बड़ी अपडेट है। इंडियन आर्मी की ओर से अग्निवीर भर्ती 2025 के लिए नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। जारी सूचना के अनुसार, इस वैकेंसी के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 12 मार्च, 2025 से शुरू कर दी गई है। इन पदों पर आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 अप्रैल, 2025 है। लास्ट डेट बीतने के बाद, कोई एप्लीकेशन स्वीकार नहीं किया जाएगा। अप्लाई करने के लिए अभ्यर्थियों को आधिकारिक वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in पर जाकर आवेदन करना होगा। जारी सूचना के अनुसार, इंडियन आर्मी इस वैकेंसी के माध्यम से अग्निवीर जनरल ड्यूटी, अग्निवीर क्लर्क/स्टोर कीपर टेक्निकल अग्निवीर ट्रेड्समैन और सैनिक तकनीकी नर्सिंग समेत अन्य पदों पर भर्तियां करेगा। इस भर्ती के लिए लिखित परीक्षा जून 2025 में आयोजित हो सकती है। हालांकि, सटीक डेट की जांच करने के लिए उम्मीदवारों को पोर्टल पर विजिट करते रहना चाहिए।



### ये देनी होगी फीस

भर्ती के लिए आवेदन करने वाले जनरल, एससी, एसटी ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग के अभ्यर्थियों को 250 रुपए फीस देनी होगी। फीस का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम से ही किया जाएगा। इसलिए इस बात का ध्यान रखें। इस वैकेंसी के लिए आवदेन करने वाले अभ्यर्थियों को दसवीं, बारहवीं की मार्कशीट, प्रमाणपत्र, सिग्नेचर की स्कैन्ड कॉपी, जाति प्रमाणपत्र सहित अन्य सभी दस्तावेजों की जरूरत पड़ सकती है। अग्निवीर जनरल ड्यूटी के पदों पर आवेदन करने वाले कैंडिडेट्स को 45 प्रतिशत मार्क्स के साथ मैट्रिक पास होना चाहिए। इसके अलावा वे उम्मीदवार, जिन्हें लाइट मोटर व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस होगा, उन्हें ड्राइवर भर्ती में प्रेफरेंस भी दिया जाएगा।

आयोजन

## संत समागम में बृज रस संवाद कथा का वाचन

**बिलासपुर।** संत लाल दास सांई के 25वें गद्दीशीन महोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय बृज रस संवाद एवं संत समागम का आयोजन रविवार से किया गया है। इसमें वृंदावन से आईं देवी चित्रलेखा ने बृज रस संवाद कथा का रसास्वादन कराया। इसके पूर्व उन्होंने मंदिर के गर्भ गृह में विराजमान भगवान झूलेलाल साईं के दर्शन किए। साईं लालदास ने मंदिर में 50 वर्षों से प्रज्वलित अखंड ज्योति की महिमा एवं मंदिर के संस्थापक बाबा गुरमुख दास साहेब द्वारा दीन हीन के लिए किए गए कार्यों से देवी चित्रलेखा को अवगत कराया। साथ ही उनका शॉल एवं फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर पार्षद विजय बोदरी, पूज्य सिंधी पंचायत चकरभाटा के पदाधिकारी, रियासती पंचायत के अध्यक्ष मनोहर लाल, पूज्य सिंधी पंचायत चकरभाटा के पूर्व अध्यक्ष प्रकाश जेसवानी, धर्मू भाई, बाबा गुरमुख दास सेवा समिति, महिला मंडल, श्री झूलेलाल महिला सखी सेवा ग्रुप, सिंधी महिला मंडल के सदस्यों की उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम ग्राम रहंगी में आयोजित है।



**समागम चलेगा तीन दिन तक, उमड़ी भीड़**

# संगठनों के होली उत्सव में खूब झूमे लोग

शहर में रविवार को होली मिलन समारोह की धूम रही। विभिन्न महिला एवं स्वयंसेवी संगठनों ने उत्साह से होली मना कर एक-दूसरे को जमकर रंग लगाए। होली पर आधारित भजन गाए गए। हास्य-व्यंग्य के चुटकुले सुनाए गए।



### जेपी हाईट्स में होली उत्सव

होली के पावन अवसर पर जेपी हाईट्स विकास समिति के अध्यक्ष ललित अग्रवाल, उपाध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, सचिव मोहन अग्रवाल के नेतृत्व में शुभमविहार वार्ड 15 के पार्षद नितिन पटेल का भव्य नागरिक अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर ईश्वर पटेल, मनोज राजपूत, आखिलानन्द पांडेय, वरुण राजपूत, प्रमोद अवस्थी, अजय तोदी, निलेश अग्रवाल, अक्षय सिंह, प्रमोद तिवारी, मयंक अग्रवाल सहित बड़ी सँख्या में शुभमविहार के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



### आनंदोत्सव होली में जमकर उड़ा गुलाल

गोलबाजार में आनंदोत्सव होली में शहर के हर वर्ग गुलाब के रंग में सराबोर होकर संगीत की धुन में झूमते रहे, पानी की बौछार में हर कोई भीगकर इस होली उत्सव का आनंद लिया। हर साल यहां लोगों का बड़ा हुजुम शामिल होने दूर-दूर क्षेत्रों से यहां आता है। समय के साथ यहां की व्यापकता भी बढ़ती जा रही है, एक छोटे से आयोजन से शुरू हुआ उत्सव आज शहर में सबसे बड़ा आयोजन का रूप ले लिया है, जिसमें शहर ही नहीं बल्कि बाहर से भी युवा वर्ग यहां पहुंचते है। लोगों के लिए उत्सव के साथ पर्व पर व्यंजनों का लुफ्त उठानें को मिलता है।



### वैश्य समाज का होली मिलन

बागेश्वर गुप्ता कसौधन वैश्य समाज का होली मिलन समारोह अधिवक्ता आलोक गुप्ता के निज आवास में संपन्न हुआ। समाज की बड़ी संख्या में लोग होली मिलन समारोह के लिए उपस्थित हुए। गुलाल के रंगों के बीच भजिया और ठंडाई का मजा लेते हुए फागुन के गीत गीत गाते हुए होली मिलन समारोह अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। समाज में भाईचारे और सौहार्द के वातावरण का संदेश देते हुए आनंद से होली का पर्व मिलन समारोह बनाया गया। मुख्य रूप से इसमें संरक्षक डॉ मोहन गुप्ता, अध्यक्ष मनोज गुप्ता, महासचिव आलोक कुमार गुप्ता ,कोषाध्यक्ष प्रभात गुप्ता पूर्व सचिव किशन गुप्ता सह सचिव संजय गुप्ता, मुकेश गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, राधे गुप्ता। महिला समाज की संरक्षक राधा गुप्ता अध्यक्षा ज्योति गुप्ता, सचिव नविता गुप्ता, सुरेखा पूर्व अध्यक्ष ज्योति गुप्ता गुप्ता अधिवक्ता, रेखा गुप्ता,दीपिका गुप्ता तथा गुप्ता समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### बांगला अकादमी का होली मिलन एवं साहित्य सभा

छत्तीसगढ़ बांगला अकादमी द्वारा बंग भवन टिकरापारा में 228 वां मासिक साहित्य संगोष्ठी का आयोजन होली मिलन एवं वसंत उत्सव के रूप में मनाया गया। जिसमें कविता पाठ,समूह संगीत एवं एकल संगीत, नाटक नृत्य एवं वसंत पर परिचर्चा युक्त विविध मनोरंजक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का प्रारंभ 'आमार भाषा तोमर भाषा' से हुआ। अध्यक्ष नमिता घोष द्वारा प्रकाश डालते हुए होली की शुभकामनाएं दी गई। सुब्रत चट्टोपाध्याय द्वारा होलिका दहन संबंधित विभिन्न मान्यताओं पर विचार रखे गए। मातृभाषा के प्रधान संपादक डॉ गोपाल चन्द्र मुखर्जी द्वारा कविता पाठ किया गया।



### फूलों की होली से जीवित परम्परा

शुभमविहार में संस्कार व संस्कृति को जीवित रखने खेली तिलक व फूलों की होली। इसमें निशा अग्रवाल, नेहा राजपूत, रश्मि अग्रवाल, आकांक्षा राजपूत, मोनिका अग्रवाल, पूजा असाटी, हनी अग्रवाल, श्रेया तोदी, कौशल्या साहू, पिंकी छाबड़ा, लक्ष्मी साहू, ललित अग्रवाल, संजय राजपूत, मोहन अग्रवाल, डॉ अभिषेक शाह, निलेश अग्रवाल, वरुण राजपूत, संदेश असाटी, मयंक अग्रवाल, अरविंद छाबड़ा, मनोज राजपूत, आखिलानन्द पांडेय, प्रमोद अवस्थी, आकाश शर्मा, प्रमोद तिवारी, अक्षय सिंह, ईश्वर तिवारी, पिंटू यादव सहित बड़ी सँख्या में शुभमविहार के नागरिक उपस्थित रहे।



### चंद्रा समिति का होली उत्सव

चंद्रा विकास समिति द्वारा इस वर्ष भी समिति के नियमावली अनुसार सामान्य सभा की बैठक आयोजित किया गया। बैठक के पश्चात होली मिलन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में जागृति महिला मंडल एवं चंद्रा महिला समिति के महिलाओं द्वारा संयुक्त फाग गीत प्रस्तुत किया गया और महासचिव जी आर चंद्रा ने बताया कि फागुन माह देवों के देव महादेव एवं श्री कृष्ण को समर्पित होता है साथ ही होली बुराई पर अच्छाई की जीत है। महिला समिति के संयुक्त तत्वाधान में फाग गीत में उपस्थित सभी सदस्यों ने फूलों का होली खेल कर होली के मस्ती का इजहार किया।



### माहेश्वरी महिला मंडल ने जमकर उड़ाया रंग

माहेश्वरी सभा महिला मंडल, युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में समाज के सदस्यों ने लायंस भवन उत्साह से रंग महोत्सव मनाया। सर्वप्रथम महेश एवं कृष्ण भगवान को गुलाल लगाकर महेश वंदना की गई। हाउजी खेली गई। अध्यक्षता सीआर मुंदडा ने की। समाज के विकास को लेकर सभी ने विचार रखे। अध्यक्ष विनीता माहेश्वरी ने समाज के नए सदस्यों का फूल देकर स्वागत किया। सुरेश माहेश्वरी ने सभी को होली की शुभेच्छा दी और कहा कि ऐसे पर्व मनाने से अगली पीढी भी त्यौहार के महत्व को समझेंगे। कार्यक्रम का संचालन सुनील मारदा एवं आभार जुगल मुंदडा ने किया।



### महिलाओं ने उठाया गुजिया, ठंडाई का लुत्फ

जेपी विहार मंगला रोड की महिलाओं ने होली जलाकर फाग उत्सव मनाया। इसमें होली गीत गाए गए। वाद्य यंत्रों की धुन के बीच गाए गीत से महिलाएं झूम उठी। कालोनी की मीनू दुबे ने कहा कि सभी लोगों द्वारा मिल कर होली मनाने का मजा ही कुछ और होता है। संगठन की भावना को भी बढ़ावा मिलता है। अंत में सभी ने गुजिया, पापड़ी, सलौनी एवं ठंडाई का लुत्फ उठाया। इस मौके पर कालोनी की महिलाएं, युवतियां उपस्थित थी। सभी ने एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर पर्व की शुभकामनाएं दी।



### महिला पुलिस ने एक-दूसरे का लगाया रंग

होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस विभाग ने होली मनाई,इस दौरान महिला पुलिस थाना में एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का उत्सव मनाया।

### कंडे होलिका घरों-घर दहन



शहर में इस बार होलिका दहन में गोबर के कंडे से होलिका दहन का कार्यक्रम घरों-घर किया गया। भद्रा हटते ही मोहल्ले व कॉलोनियों में होली दहन किया गया। इस मौके पर महिलाओं ने विधी-विधान से पूजन कर परिवार की खुशहाली की कामना की।

### पलाश के रंग व चंदन से खेली गई होली



आर्य समाज वसुंधरा विहार में साप्ताहिक यज्ञ, सत्संग का कार्यक्रम हुआ। इसमें सूरज वस्त्रकार व अश्विनी जायसवाल सपरिवार यजमान रहे। अंत में प्राकृतिक होली मिलन समारोह रखा गया। इसमें पलाश फूल के रंग और चंदन से होली खेली गई।

### युवाओं ने दिया भाईचारे व प्रेम का संदेश



वेद परसदा निवारण शिक्षण एवं समाज कल्याण समिति द्वारा होली का पावन पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इसमें पारंपरिक लोक गीतों सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को विशेष बना दिया।




### कांग्रेस विधायक की धुन पर भाजपा विधायक झूमे

रंगों, संगीत और उल्लास से भरी शाम में जब कांग्रेस विधायक ने फाग की धुन छेड़ी, तो भाजपा के विधायक भी खुद को रोक नहीं पाए और झूमने लगे। बिलासपुर प्रेस क्लब द्वारा आयोजित भव्य फाग महोत्सव में यह दृश्य देखने लायक था, जब राजनीतिक सीमाएं रंग और संगीत के जश्न में घुलती नजर आईं। बिलासपुर और आसपास के जिलों से लगभग 15 फाग टोलिया ने प्रतियोगिता में हिस्सा लिया, जो दोपहर 2 बजे से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना शुरू किया। निर्णायक मंडल में वरिष्ठ पत्रकार रूद्र अवस्थी, दिनेश दुबे और हरिप्रसाद सोनी शामिल रहे। फाग महोत्सव में विभिन्न मंडलियों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। वहीं फाग महोत्सव में बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया सहित अन्य अतिथि शामिल हुए। असली नजारा तब बना जब कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया की प्रस्तुति पर भाजपा के विधायकों ने भी कदम से कदम मिलाकर झूमना शुरू कर दिया। माहौल ऐसा बना कि मंच पर कलाकारों के साथ-साथ दर्शकों की भी तालियां और ठुमके रुकने का नाम नहीं ले रहे थे।

### शिव अनुराग भवन में मनाई अलौकिक होली



शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर में ज्ञान चर्चा और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होली का त्यौहार अलौकिक रीति से मनाई गई। कु. मल्लिका ने संग के रंग में खूब मनाउ होली बाबा..., कु. माही और कु. माल्या ने सात रंग में खेल रही है.. गीत पर प्रस्तुति दी। बीके प्रीति और तनु द्वारा प्रस्तुत कमाई तो बहुत फिर भी कड़की रहती है, प्रसंग का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। बीके मंजू ने कहा कि होली शब्द का अर्थ पवित्रता है। होली का अर्थ यह भी है कि जो बीत गई सो बीत गई, उसे चित्त पर नहीं रखना चाहिए।

स्पोर्ट्स न्यूज

## राजपूत प्रीमियर लीग में पहले दिन खेले गए चार रोमांचक मैच

**बिलासपुर।** गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में राजपूत क्षत्रिय समाज 3738 द्वारा आयोजित राजपूत क्षत्रिय प्रीमियर लीग का उद्घाटन कार्यक्रम धूमधाम से हुआ। पहले दिन कुल चार रोमांचक मैच खेले गए, जिनमें टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया।

पहला मैच अमेरी अवेंजर्स और चिंगराजपारा लीजेंड के बीच हुआ। चिंगराजपारा लीजेंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 7 विकेट खोकर 82 रन बनाए, लेकिन अमेरी अवेंजर्स ने 8 ओवर और एक गेंद में 7 विकेट खोकर मैच जीत लिया। दूसरा मैच इमलीभाठा एलिमिनेटर और सिरगिट्टि स्ट्राइकर के बीच खेला गया। इमलीभाठा एलिमिनेटर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 137 रन बनाए, जबकि सिरगिट्टि स्ट्राइकर केवल 66 रन ही बना पाई। इस तरह इमलीभाठा एलिमिनेटर ने जीत दर्ज की।

तीसरा मैच मंगल मैग्नेट्स और मन्नाडोल एसकेबी बुल्स के बीच हुआ। मन्नाडोल एसकेबी बुल्स ने 95 रन बनाकर जीत हासिल की, जबकि मंगल मैग्नेट्स सिर्फ 86 रन ही बना पाई। आखिरी मैच तिफरा टाइगर्स और उसलापुर रॉयल रेंजर्स के बीच खेला गया। तिफरा टाइगर्स ने 113 रन बनाकर मैच जीत लिया, जबकि उसलापुर रॉयल रेंजर्स केवल 48 रन ही बना पाई। आयोजन समिति के अध्यक्ष मनोज तोमर ने कहा, आज का आयोजन बेहद सफल रहा। खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी इसका भरपूर आनंद लिया।



### यह लीग हमारे समाज की पहचान

समाज के अध्यक्ष दारा सिंह राजपूत ने कहा, आज के मुकाबले बहुत ही रोमांचक रहे और यह समाज की एकजुटता को दर्शाता है। हमें गर्व है कि यह लीग हमारे समाज की पहचान को और मजबूत कर रही है। पारिक्षेत्रिय अध्यक्ष बिहारी प्रताप सिंह राजपूत ने कहा, इस लीग ने समाज में एकजुटता और उत्साह को बढ़ावा दिया है। खिलाड़ियों का बेहतरीन प्रदर्शन देखकर यह साफ है कि हमारे समाज में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। हम इस प्रकार के आयोजनों को लगातार बढ़ावा देंगे।

फास्ट अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता




## गौतम मानिकपुरी का चयन

बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया पहली बार अंडर 23 नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन जो की 18 से 24 मार्च तक गुवाहाटी असम में आयोजित है इस प्रतियोगिता के लिए 16 खिलाड़ियों का प्रशिक्षण कैंप रायगढ़ में आयोजित किया गया था I इस प्रशिक्षण कैंप में अंतिम 12 खिलाड़ियों का चयन किया गया | जिसमें बिलासपुर जिले के खिलाड़ी गौतम मानिकपुरी को प्रशिक्षण कैंप में प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ की बास्केटबॉल टीम में चयनित किया गया है | इस सफलता का पूरा श्रेय गौतम ने अपने माता-पिता एवं कोच को दिया | जिला बास्केटबॉल संघ बिलासपुर के सचिव श्री अमित मंडल एवं सभी पदाधिकारियों ने गौतम को बहुत बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है |

## क्रिकेट संघ सीनियर की दोनों टीमें बिलासपुर व बिलासपुर ब्लू टीम घोषित

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा 9 मार्च से प्रारंभ सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। जिसके लिए क्रिकेट संघ द्वारा बिलासपुर की दोनों ही टीमों के लिए ट्रायल लिया गया। इसके पश्चात संभावित खिलाड़ियों का चयन किया गया जिससे पहले कैंप और फिर 3 दिवसीय 7 सिलेक्शन मैच कराए गए इसके पश्चात ही सीनियर टीम के चयनकर्ता देवेंद्र सिंह (बाटु), सुशांत शुक्ला, एस जावेद और रोहित ध्रुव के द्वारा सीनियर टीम के बिलासपुर और बिलासपुर ब्लू सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए टीम घोषित किया गया। इस इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर छत्तीसगढ़ रणजी टीम का सिलेक्शन होगा। क्रिकेट संघ बिलासपुर के दो टीम सीनियर इंटर डिस्ट्रिक्ट मैच खेलेगी। जिसमें बिलासपुर और बिलासपुर ब्लू के नाम पर खेला जाएगा।

इसमें मोहम्मद इरफान, पवन , मोहित राउत, अभिजीत ताह, आशीष पांडे, स्नेहिल चड्ढा, वासुदेव बरेठ, मयंक यादव (c), अभिषेक साहगौरा, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, सैयद नावेद अली, प्रथम सिंह, सूरज सिंह पाटले, अंकित कुमार, राजा बघेल , अनुराग मिश्रा है, बिलासपुर टीम के कोच मोइन मिर्जा और अभ्युदयकांत सिंह है।



### चार दिवसीय मैच होगा

बिलासपुर का पहला चार दिवसीय मैच दिल्लीरझरा में 17 मार्च को प्लेट कंबाइंड मध्य खेला जाएगा दूसरा मैच 22 मार्च को रायपुर के आरडीसीए मैदान में सरगुजा के मध्य खेलेगी, तीसरा मैच 27 मार्च को रायपुर के मध्य शहीद वीर नारायण सिंह अंतराष्ट्रीय मैदान में खेलेगी, और चौथा मैच 1 अप्रैल को आरडीसीए मैदान में महासमुन्द के मध्य खेलेगी। वहीं बिलासपुर ब्लू अपना पहला मैच दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में बीएसपी के मध्य, दूसरा मैच भिलाई के सैक्टर 10 मैदान में जांजगीर चांपा के मध्य, तीसरा मैच रायपुर ब्लू के मध्य सेक्टर 10 में खेला जाएगा और चौथा मैच दिग्विजय स्टेडियम में बीसीए के मध्य खेला जायेगा।

16-MAR--REGNOL-pg-4-COMMAN_Layout 1 3/17/2025 12:25 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### जल्द करेंगे भगवान परशुराम की प्रतिमा का अनावरणः शर्मा



**बिल्हा।** परशुराम भवन शनिचरी बाजार में ब्राह्मण सेवा समिति के द्वारा रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठजनों के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों की उपस्थित दर्ज की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि जल्द से जल्द इस भवन में भगवान परशुराम जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे एवं परशुराम जयंती की भव्य शोभा यात्रा के साथ जयंती समारोह मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीताराम शर्मा, देवकरण शर्मा, मनोज शर्मा, अनिल शर्मा, अरविंद शर्मा, धीरेंद्र महाराज, हरीश महाराज, सतीश शर्मा, सूरज शर्मा, महेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, कैलाश शर्मा, ऋषि कुमार शर्मा, रमेश शर्मा, केशव शर्मा, कमल शर्मा सहित समाज की महिलाओं ने भी उपस्थित होकर अपनी-अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का संचालन नटवर शर्मा ने किया एवं आभार प्रदर्शन उमेश शर्मा उपाध्यक्ष ने किया।

### निर्मल मन वाले भगवान को प्रिय होते हैंः पं सत्यनारायण



**लोरमी।** संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर गांधीडीह लोरमी में 16 मार्च से 23 मार्च तक किया जा रहा है, जिसके कथावाचक पंडित सत्यनारायण तिवारी हिमान्शु महाराज हैं। कथा के प्रथम दिन कलशयात्रा के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा सुबह 11 बजे हनुमान मंदिर से निकली एवं महामाया मंदिर रानीगांव में पूजा-अर्चना को बाद वापस कथा स्थल पहुंची। प्रतिदिन सुबह 7 बजे से 12 बजे तक परायण पूजन तथा कथा का श्रवण प्रतिदिन शाम 3 बजे से 6 बजे तक कराया जाएगा। कथावाचक पंडित सत्यनारायण तिवारी ने 16 मार्च को वाराह अवतार की कथा का रसपान श्रोताओं को कराया। श्री तिवारी ने कहा कि नर नारायण में विलीन हो जाए, मन निर्मल हो जाए, मन में दया आ जाए यही श्रीमद भागवत है। आयोजन के पारायणकर्ता पंडित कृष्ण कुमार तिवारी हैं। 17 मार्च को जडभरत चरित्र, 18 मार्च को प्रह्लाद चरित्र, 19 मार्च को वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, 20 मार्च को श्रीकृष्ण बाल लीला, रूख्मणी विवाह, 21 मार्च को सुदामा चरित्र व 22 मार्च को परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई जाएगी। 23 मार्च को सुबह 9 बजे तुलसी वर्षा हवन, सहस्त्रधारा स्नान, प्रसाद वितरण व आशीर्वाद के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।

### मूर्ति एवं भगवा ध्वज से छेड़छाड़ बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन



लोरमी। ग्राम रामम्हेपुर में असमाजिक तत्वों के द्वारा गांव के चौक पर लगे भगवा ध्वज एवं छत्रपति शिवाजी की प्रतीमा को नुकसान पहुंचाने पर बजरंग दल ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है, कि ग्राम राम्हेपुर में छत्रपती शिवाजी के जन्मोत्सव के दिन चौक बनाया गया था, तथा चौक में विशाल भगवा ध्वज फहराया गया था। साथ ही साथ छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा स्वरूप पोस्टर लगाया गया था। 15 मार्च शनिवार को अज्ञात असमाजिक तत्वों द्वारा भगवा ध्वज तथा शिवाजी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ कर इसे गांव से लगे नाले में फेक दिया गया। उपरोक्त घटना का निंदा करते हुये अज्ञात और असमाजिक तत्वों के विरुद्ध उचित दंडात्मक कार्रवाई की मांग समस्त बजरंग दल के सदस्यों ने की है। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से यतीन्द्र खत्री जिला उपाध्यक्ष, पूनम राजपूत जिला मंत्री विश्व हिंदू परिषद, कीर्ति वैष्णव मंत्री विश्व हिंदू परिषद सहित अन्य शामिल रहे।

### शिद्दत और उत्साह के साथ मनाया जा रहा रमजान



**तखतपुर।** सूरत से आए जनाब शब्बीर भाई तेजुन भाई ताहेरी के नेतृत्व में दाऊदी बोहरा समाज तखतपुर के द्वारा माहे रमजान का महीना बड़ी शिद्दत और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। समाज के लोग रोजा रखकर एवं प्रतिदिन पांच वक्त की नमाज पढ़कर कुरान व अन्य पवित्र ग्रंथो की तिलावत कर रहे हैं। प्रतिदिन मगरिब की नमाज के पहले तकरीर की जाती है, जिसमें समाज के धर्मगुरु डॉ सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन साहब के निर्देशों का पालन करने की समाज के लोगों से अपील की जाती है। मगरिब ईशा की नमाज के बाद प्रतिदिन सामूहिक भोजन का आयोजन कर सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की जा रही है। इस अवसर पर शेख शब्बीर कपासी, मुल्ला ताहेर भाई, जाफर कपासी, सिराज वनक, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, मोईन वनक, युसूफ भारमल, मुर्तुजा लक्ष्मीधर, परवेज भारमल, हातिम लक्ष्मीधर, यूसुफ लक्ष्मीधर, होजेफा कपासी, शब्बीर सीमेंटवाला, सैफुद्दीन शाम, अदनान अली, मंसूर, इब्राहिम, मोइज भारमल, अब्दे अली, होजेफा भारमल, हाशिम भारमल, हमजा भारमल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## एक-दूसरे को रंग लगाकर सभी ने दी शुभकामनाएं

# क्षेत्र में उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाई गई होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाई गई। युवा वर्ग सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे।

होली के अवसर पर नागरिक गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते रहे। छुट-पुट घटनाओं को छोड़कर जिले में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण रहा। गुरूवार रात होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोग शुक्रवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते रहे। शहर में जगह-जगह शांतिपूर्ण ढ़ंग से होली मनाई गई। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। नगर सहित जिले भर में गुरूवार रात होलिका दहन किया गया। होली की मस्ती लोगों में होलिका दहन के पहले से नजर आया। शाम तक रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में बढ़ोतरी होती गई। फाग गीतों की धूम, हर गली मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन के साथ ही बढ़ती गई। मस्ती के त्योहार में सुबह से ही बच्चे हाथों में रंग, गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकले। युवा वर्ग जगह-जगह फाग गीतों एवं साउंड सिस्टम में थिरकते नजर आये। बाजार में रंगों के साथ पिचकारी, गुलाल एवं शक्कर के बने हरवे की मांग बनी रही। हरवे का चलन कम होने के बाद भी बाजार में रंग बिरंगे हरवे दुकानों में देखे गए। लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते नजर आये। इक्का-दुक्का घटनाओं को छोड़कर नगर में होली का त्यौहार शांति पूर्ण संपन्न हुआ। होली के दूसरे दिन शनिवार और रविवार को भी होली का माहौल देखा गया। बाजार भी सूने नजर आए। लोग घरों में ही आराम करते रहे।



होली खेलते बच्चे एवं महिलाएं।

### महिला दिवस एवं होली मिलन कार्यक्रम



**बिल्हा।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के सानिध्य में बिलासपुर जिला अध्यक्ष अजय कश्यप, ममता सोनी के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली मिलन का कार्यक्रम होटल ग्रैंड अर्जुन में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बिलासपुर नगर निगम की महापौर पूजा विधानी की उपस्थिति रही। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं एवं संगठन के पदाधिकारियों का मोमेंटो एवं पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात सभी ने फूलों और गुलाल से होली खेली। इस अवसर पर नृत्य का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। संगठन के पदाधिकारियों ने होली मिलन समारोह को बड़े ही रंगा-रंग तरीके से संपन्न किया।

इस अवसर पर सगठन की प्रदेश अध्यक्ष आरती सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष नम्रता शर्मा, प्रदेश महासचिव सुशील मालिक, रायगढ़ जिला महासचिव रमा चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष अजय कश्यप, महिला जिला अध्यक्ष ममता सोनी, जिला प्रभारी राजा सिंह छत्रिय, महिला जिला प्रभारी संगीता शर्मा, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभारी मंजू साहू, जिला उपाध्यक्ष जेवेके राव, महिला जिला उपाध्यक्ष शोभा चाहिल, मंजू दुबे जिला कोषाध्यक्ष, गायत्री कश्यप जिला सचिव, नीलू गढेवाल जिला सदस्य की उपस्थित रही।

### पुलिस, पत्रकार एवं जनप्रतिनिधिओं ने एक साथ खेली होली



**जरहागांव।** होली का त्योहार अंचल में उत्साह एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में होली की दूसरे दिन थाना परिसर जरहागांव में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से जनप्रतिनिधि एवं पत्रकारों को आमंत्रित किया गया। साथ ही होली मिलन के दौरान थाने पहुंचे फरियादियों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर ने शायराना अंदाजा में किया। इस अवसर पर बरेला नपं अध्यक्ष नरेश पटेल ने अपनी टोली के साथ होली गीत पर थिरकते नजर आए। वहीं पुलिस स्टाफ रंग-गुलाल से सराबोर एक दूसरे से गले मिसकर झूमते नजर आए। जरहागांव थाने में पहली बार ऐसा आयोजन होने से से लोग प्रफुल्लित हो नजर आए, हर कोई एक दूसरे को सम्मानपूर्वक गुलाल लगाकर अपनी खुशियां साझा करता नजर आया। इस अवसर पर पुलिस, पत्रकार एवं जनप्रतिनिधियों को एक साथ देखा गया। इस अवसर पर बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, पार्षद संजय निर्मलकर, शेख जैनुल, विजय दीवान, नितेश पटेल, राजकुमार साहू, संजय धुरी, गजानंद निर्मलकर, जगदीश साहू, हीरा पटेल, रमेश पटेल, पवन पटेल, बबलू पटेल, प्रमोद धुरी, राकेश बैस, अतुल गुप्ता, रामचंद्र साहू, मनोज कश्यप, रोहित कश्यप, सदाराम कश्यप, पी बेनेट, थाना प्रभारी सुशील कुमार बंछोर, अफरोज अली, मनक राम ध्रुव, महेश राज, देवकुमार, बालकृष्ण मरकाम, चारु चंद नेताम, भगवती योगी, दुर्गा साहू, लक्ष्मण यादव, सत्यम राजपूत, शशि गंधर्व, हीरा नेताम, पेखन गेंदले, महादेव खूंटे, अयोध्या कोसले, अरुण चौरसिया, अनिल मरावी, सुशांत पांडे, प्रवीण मिश्रा, उमेश तोता आदि मौजूद रहे।

### पुलिस की मुस्तैदी के बीच मनाई गई होली



**करगीरोड कोटा।** नगर में होली का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। नगर के प्रमुख चौक-चौराहों पर होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां सैकड़ों श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर परंपरा का निर्वहन किया।

संध्या होते ही भक्तजन होलिका दहन स्थल पर पहुंचे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिपूर्वक होलिका दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। अग्रवाल समाज की महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार होलिका की परिक्रमा कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं युवाओं और बच्चों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे पर रंग गुलाल लगा होली खेली और आपसी सौहार्द्र का संदेश दिया। नगर के विभिन्न हिस्सों में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं लोकगीत और फाग गायन से पूरा माहौल रंगारंग रहा। कार्यक्रम स्थलों पर कोटा पुलिस की तैनाती रही तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में डॉ निखिलेश गुप्ता उपस्थित रहे। पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुआ कोटा पुलिस प्रशासन, कोटा नगर समेत ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ होली का त्यौहार मनाया गया। शुक्रवार जुम्मे के दिन होली पर्व होने के चलते स्थानीय प्रशासन व पुलिस के सहयोग से दोनों ही समाज के आपसी सामंजस्य के साथ साथ पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी व कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में होली का पर्व और जुम्मे की नमाज अदा की गई। पुलिस की चौकस व्यवस्था के बीच होली एवं रमजान शांति और अमन चैन के साथ मनाया गया। दिन भर शहर की छोटी-छोटी गलियों से लेकर मुख्य सड़क तक पुलिस की गाड़ियां घूमती रहीं।

### दगोरी में होली मिलन समारोह, जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित



**दगोरी।** होली के पूर्व संध्या पर ग्राम पंचायत में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे पर तिलक लगाकर एवं गले मिलकर बधाई दी। इस अवसर पर सभी ने आपसी भाईचारे एवं प्रेम के साथ रंगों का पर्व मनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सरपंच मथुरा प्रसाद भारद्वाज, जनपद सदस्य राजकुमार साहू, उप सरपंच संतराम ध्रुव, पंचायत सचिव तिरिथराम गायकवाड़, रोजगार सहायक रोहित निषाद सहित समस्त पंच, प्रतिनिधि, नागरिक एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### बिल्हा में होलिका दहन होली मिलन कार्यक्रम



**बिल्हा।** हनुमान चालीसा समिति के बैनर तले डॉ आरसी अग्रवाल के नेतृत्व में ढोल-नगाड़ों के साथ कुटिया मंदिर से जनसमूह निकला एवं नगर भ्रमण करते हुए होलिका दहन स्थल तक पहुंचा। इसके बाद भक्त प्रहलाद की पूजा-अर्चना कर होलिका दहन किया गया। इस अवसर पर नगर के सिख समाज, सिंधी समाज, यादव समाज, कौशिक समाज व अन्य समाज के पुरुष व महिलाओं की उपस्थिति रही। होली मिलन समारोह में सिख समाज के द्वारा निकाली गई होला मोहल्ला रैली में समस्त अग्रवाल समाज ने फूलों की वर्षा कर भरपूर आनंद उठाया। इसके अग्रवाल समाज के सदस्यों द्वारा अग्रसेन भगवान के जयकारों के साथ होली मिलन का कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें अग्रवाल समाज के मंच मे बैठे सभी मूर्खों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का सफल एवं कुशल संचालन अभय अग्रवाल ने किया।

### रंगों की मस्ती में डूबी खाकी, डीजे की धुन पर थिरके पुलिसकर्मी



**सीपत।** रंगों के त्यौहार पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने के बाद दूसरे दिन शनिवार को पुलिसकर्मियों ने परिजनों के साथ सीपत थाने में रंग-गुलाल उड़ाते हुए जमकर होली खेली। पुलिसकर्मियों ने गले मिल कर एक दूसरे को होली बधाई दी। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व पत्रकारों ने भी डीजे की धुन व होली के गीतों पर जमकर ठुमका लगाया। आमतौर पर होली के त्यौहार पर कानून व्यवस्था व सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी होली नही मना पाते। अगले दिन ही पुलिस महकमे में होली मनाने की पुरानी परंपरा है। इस अवसर पर थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, जिला पंचायत सदस्य राजेन्द्र धीवर, जनपद सदस्य मनोज खरे, सीपत सरपंच प्रतिनिधि योगेश वंशकार, पोड़ी सरपंच सूर्यप्रकाश शेष, जांजी सरपंच पाटले, खांडा सरपंच कामता प्रसाद, संतोष गोयल, जुहली सरपंच त्रिभुवन पोर्ते, भागीरथी त्रिभुवन पोर्ते सहित अन्य मौजूद थे।

### नगर में जगह-जगह होलिका दहन, उत्साहपूर्वक मनी होली



**तखतपुर।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाया गया। शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया और फिर उसके बाद रंग खेलने का सिलसिला शुरू हुआ जो दूसरे दिन देर रात तक चलता रहा। लोग एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई देते रहे। होलिका दहन स्थल पर रात भर फाग मंडली ने फाग गीत गाते रहे। लोग होलिका दहन स्थल पर बैठकर एक दूसरे को बधाई देते रहे तथा रंग लगाते रहे। दूसरे दिन सुबह से बच्चे बूढ़े युवा बुजुर्ग सभी ने रंग का पर्व होली उत्साह के साथ मनाया। लोगों ने एक दूसरे के घरों में जाकर रंग लगाया और होली की शुभकामनाएं दी। छोटे-छोटे बच्चों में होली का उत्साह और ज्यादा रहा। नगर के ब्लॉक कॉलोनी, महामाया चौक, तहसील चौक, रामनगर, आजाद नगर, बजरंग नगर, संगम नगर, जनकपुर रोड सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी जगह-जगह होलिका दहन किया गया।

### सियान सदन में बुजुर्गों ने नाच गाने के साथ मनाई होली




**मुंगेली।** सियान सदन में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में फूलों की होली खेली गई। होली के रंगों में रंगे हुए कुछ वरिष्ठजनों के द्वारा सामूहिक नृत्य भी किया गया। जिला स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में लोरमी से दशरथ राजपूत, परमेश्वर साहू, अशोक तिवारी तथा पथरिया से बद्री प्रसाद वर्मा, गेंदलाल पाटले आदि विशेष रूप से उपस्थित थे। धनेश सोलंकी एवं सईद खान के मार्गदर्शन में आयोजित इस रंगा-रंग होली मिलन में मुंगेली से श्याम जी साहू, मकसूद खान, भाग दास टोण्डर, कदम दास कोशले, प्रेमलाल यादव, देवलाल यादव, किशन क्षत्री, जगदीश कश्यक, प्रभात गुप्ता, उमेश साहू, गजानंद सिंह, केपी बघेल, सीताराम डाहिरे, एचआर भास्कर, मनहरण सोनी, एडी मानिकरपुरी आदि लोग सम्मिलित होकर होली का आनंद किए।

# ग्लोकोमा सप्ताह में किया गया 55 मरीजों का नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में विश्व ग्लोकोमा सप्ताह मनाया गया। जिला चिकित्सालय में 13 मार्च गुरुवार को ग्लोकोमा सप्ताह मनाया गया। ग्लोकोमा सप्ताह में 55 मरीजों ने नेत्र परीक्षण कराया, जिसमें 5 मरीज शुगर, 10 मरीज मोतियाबिंद, 3 टेरेजियम, 1 केलेजियांन, 5 सिरदर्द की जांच कराई।

■ जिला चिकित्सालय सहित अन्य अस्पतालों में मना विश्व ग्लोकोमा सप्ताह

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ देवेश खाण्डे ने मरीजों को बताया कि न दिखने वाले ग्लोकोमा को हराना है। ग्लोकोमा आंखों की एक खतरनाक बीमारी है, जिसमें खोई दृष्टि वापस नहीं लाई जा सकती है। ग्लोकोमा के लक्षण के आंख का लाल होना, आंखो की दृष्टि क्षमता में निरंतर परिवर्तन, आंखो की दृष्टि क्षमता में कमी, आखों में इन्द्रधनुष की तरह रंग दिखना, परिधि के दृष्टि क्षेत्र में कमी आदि हैं। इनमें से कोई भी समस्या होने पर तुरंत नेत्र सर्जन व नेत्र सहायक अधिकारी से संपर्क करे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र प्रभाकर, जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन गिरीश कुर्रे के निर्देशानुसार सीएचसी पथरिया, एमसीएच लोरमी, मुंगेली ब्लाक जिला के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेतगंगा, घोरपुरा, नवागांव, कंतेली, जरहागांव, बरेला, पदमपुर, खम्हरिया, लोरमी ब्लाक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमरसल, लालपुर, साल्हेघोरी, पथरिया ब्लाक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरगांव, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमोरा, बेलटुकरी, जगताकापा, रामबोड़, सिलदहा में भी ग्लोकोमा सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम के अवसर पर नेत्र सर्जन डॉ देवेश खांडे, नेत्र सहायक अधिकारी राजेंद्र बंजारे, सहायक नोडल भक्तस्नेही पटेल, नेत्र सहायक अधिकारी, चंद्रकांती चौबे, नेत्र सहायक अधिकारी, कमलेश खांडे, नेत्र सहायक अधिकारी शंकर सप्रे, नेत्र सहायक अधिकारी संतोष सिंग, नेत्र सहायक अधिकारी दिलेश्वर भास्कर, नेत्र सहायक अधिकारी संध्या यादव, नेत्र सहायक अधिकारी सरिता महिलांगे, नेत्र सहायक अधिकारी हिमानी राजपूत, नेत्र सहायक अधिकारी वेनुका साहू, नेत्र सहायक अधिकारी राज प्रियंका, नेत्र सहायक अधिकारी उषाकिरण नेत्र, सहायक अधिकारी किशोर उइके, नेत्र सहायक अधिकारी किशोर कुम्भकार, नेत्र सहायक अधिकारी मिस इक्कांक्षा साहू, नेत्र सहायक अधिकारी खिलेंद्र साहू, नेत्र सहायक अधिकारी थानेश साहू, नेत्र सहायक अधिकारी विवेक सोनी, नेत्र सहायक अधिकारी नरेन्द्र सिंह राजपूत, सचिव सहायक अमित खांडे, सुमित खांडे, बिंदु वीरेंद्र रात्रे उपस्थित थे।



ग्लोकोमा दिवस मनाते चिकित्साकर्मी

### रहटादाह क्षत्रीय समाज के अध्यक्ष बने सुरेश



**तखतपुर।** राजपूत क्षत्रीय समाज रहटादाह के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए आयोजित बैठक में सुरेश सिंह ठाकुर को निर्विरोध समाज का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनाए जाने पर सुरेश सिंह ठाकुर ने कहा कि सामाजिक लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है, मैं उस पर पूरी तरह खरा उचरने का प्रयास करूंगा। का प्रयास करूंगा।

सामाजिक संगठन को सशक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति को इससे जोड़ा जाएगा तथा संगठन को मजबूत किया जाएगा। संगठन में युवाओं को ज्यादा से ज्यादा जोड़कर और सशक्त बनाया जाएगा। साथ ही उपाध्यक्ष बोधन सिंह, कोषाध्यक्ष शिवपाल सिंह, सचिव राम सिंह, उप सचिव दुखु सिंह, केंद्रीय कार्यकरणी सदस्य हीरा सिंह, केंद्रीय निर्णायक सदस्य धनंजय सिंह, कार्यकारणी सदस्य गुलशन सिंह, देव सिंह, राजू सिंह, रामअवतार सिंह, श्रवण सिंह, केशव सिंह, महिला अध्यक्ष विनीता सिंह, महिला सचिव ममता सिंह, युवा अध्यय आशीष सिंह, युवा सचिव दुष्यंत सिंह बने। पदाधिकारियों के निर्वाचन के लिए पुरूषोत्तम सिंह, रवि सिंह, कल्याण सिंह एवं दुर्गेश सिंह को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया था।

## प्रवचन एवं भागवत महापुराण वाचन की तैयारियां तेज

**तखतपुर।** अखिल भारतीय रामचरितमानस समिति तखतपुर के तत्वाधान में संस्कृतिक भवन के पास मानस मंच में 19 मार्च से 27 मार्च तक अखिल भारतीय मानस सम्मेलन में विद्वानों द्वारा ज्ञान यज्ञ प्रवचन एवं श्रीमद् भागवत महापुराण वाचन होंगे। नारायण प्रसाद पाली ने बताया कि, कार्यक्रम की तैयारी में समिति के अनिल सिंह ठाकुर अध्यक्ष, कुंवारकांत उपाध्यक्ष, एडवोकेट जुगल किशोर आदि जुटे हुए हैं।

## निधन

### विनिता पाण्डेय



**बिलासपुर।** शकुंतलम हाइट्स सरकंडा निवासी विनिता पाण्डेय बिन्नी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रफुल्ल पाण्डेय खम्हरिया वाले की पत्नी, आस्था तिवारी एवं निष्ठा पाण्डेय की मां थीं।

### मनीष पारीक



**बिलासपुर।** सरजू बगीचा निवासी मनीष पारीक पिता स्व. बनवारीलाल का 16 मार्च को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 17 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे रमेश पारीक के भाई एवं आयुष, अभिनंदन के पिता थे।

### अमित अग्रवाल (शुभम)



**बिलासपुर।** तेलीपारा सरजू बगीचा रोड निवासी अमित अग्रवाल (शुभम) पिता स्व. ओंकार प्रसाद का 16 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 मार्च को सुबह 11 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे मंगल प्रसाद अग्रवाल के भाई थे।

### श्रवण कौशिक



**बिलासपुर।** ग्राम गनियारी रतनपुर निवासी श्रवण कौशिक कल्लू का 16 मार्च को निधन हो गया। वे 44 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार रतनपुर में किया गया। वे स्व. सीताराम कौशिक के पुत्र थे।

### अमीरूल्लाह खान



**बिलासपुर।** चांदनी चौक कुदुदंड निवासी अमीरूल्लाह खान का 15 मार्च को निधन हो गया। वे 77 वर्ष के थे। उन्हें खामोशगंज कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। वे अतिउल्लाह के भाई व अकरम, असरफ एवं असजद के अब्बू थे।

### बलदाऊ प्रसाद तिवारी



**बेलतरा।** ग्राम पकरिया तखतपुर निवासी बलदाऊ प्रसाद तिवारी का 79 वर्ष की उम्र में शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृहग्राम पकरिया में संपन्न हुआ। वे राजेन्द्र, सुरेन्द्र, सुरेश और दिनेश के पिता थे।

### शिव कुमार कौशिक



**तखतपुर।** ग्राम हरदी कला निवासी शिवकुमार कौशिक 60 वर्ष का 14 मार्च को निधन हो गया। वे विजय कौशिक, योगेश कौशिक, योगेश्वरी, राजेश्वरी के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम हरदी कला मुक्तिधाम में किया गया।

### भागीराम साहू



**तखतपुर।** रनबोड़ निवासी भागीराम साहू 85 वर्ष का 13 मार्च का निधन हो गया। वे ओम नारायण साहू, संतराम, नान्हें राम, नेतराम के पिता थे एवं देवराम के भाई तथा पिल्लूराम के मामा थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम रनबोड़ में किया गया।

## डिप्टी सीएम साव सहित भाजपा के अन्य दिग्गज रहे मौजूद

# रतनपुर नपा अध्यक्ष सहित पार्षदों ने ली शपथ

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर**

नगर पालिक परिषद रतनपुर में रविवार को ऐतिहासिक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजित हुआ, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष लवकुश कश्यप को कोटा एसडीएम नितिन तिवारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके साथ नगर पालिका के 15 वार्डों के पार्षदों को भी एसडीएम के द्वारा शपथ दिलाई गई।



रतनपुर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल भाजपा नेता।

भव्य कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों और नगरवासियों में भारी उत्साह देखने को मिला। शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उनके साथ विधायक धरमजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, चुनाव प्रभारी वी रामाराव, डॉक्टर खिलावन साहू, प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, मोहित जायसवाल, मंडल अध्यक्ष दुर्गा कश्यप जैसे वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई देते हुए नगर के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। इस गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष बबलू कश्यप, रोहिणी वैशवाड़े, सुरेश सोनी, ललित अग्रवाल, घनश्याम रात्रे, प्रशांत यादव, अजय महावर, संतोष तिवारी, ज्वाला कौशिक,वासित अली,दिनेश प्रभाकर, अमोल दास, बीजजू कश्यप, विजय दीपक,विक्की अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, शीतल जायसवाल, रुद्र गुप्ता, शंकर लाल पटेल, किशन तंबोली, लक्ष्मी कश्यप, नीतू सिंह, सावित्री रात्रे, शिवानी सोनी, स्वीटी शर्मा, उषा चौहान, खैरुन्निसा, राजकुमारी बिसेन, विजयश्री राजपूत, सुषमा कश्यप, सुरेखा कश्यप,ज्ञानेंद्र कश्यप, शत्रुघ्न सूर्यवंशी, पुरुषोत्तम ठाकुर, द्वारका पटेल, जयप्रकाश कश्यप, अख्तर अली, केशव इदुवा, प्रमोद कश्यप, रामकुमार कश्यप,संतोष वर्मा, सहित भारी संख्या में नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### इन जनप्रतिनिधियों ने ली शपथ

नव निर्वाचित अध्यक्ष लव कुश कश्यप, वार्ड नंबर 1 पार्षद ममता पाव, वार्ड नंबर 2 के पार्षद इंदु यादव, वार्ड नंबर 3 के पार्षद शोभा दुबे, वार्ड नंबर 4 के पार्षद सुनील अग्रवाल , वार्ड नंबर 5 के पार्षद मनोज पाटले, वार्ड नंबर 6 के पार्षद अर्चना सोनी, वार्ड नंबर 7 के पार्षद रामफल श्रीवास, वार्ड नंबर 8 के पार्षद पुष्प कांत कश्यप, वार्ड नंबर 9 के पार्षद कुश कहरा, वार्ड नंबर 10 के पार्षद घनश्याम कमल सेन, वार्ड नंबर 11 के पार्षद बिनु निराला, वार्ड नंबर 12 के पार्षद हकीम मोहम्मद, वार्ड नंबर 13 के पार्षद सूरज कश्यप, वार्ड नंबर 14 के पार्षद हर्ष पटेल, वार्ड नंबर 15 के पार्षद हीरा मरावी आदि ने शपथ ग्रहण की।

### विकास को नई दिशा देने संकल्प

शपथ ग्रहण के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए अध्यक्ष लवकुश कश्यप ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों का क्षण है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए हम पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पार्षदों के सहयोग और जनता के समर्थन से रतनपुर को स्वच्छ, सुंदर और उन्नत बनाने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

## नगर अध्यक्ष, जपं अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ



**करगीरोड कोटा।** नगर पंचायत एवं जनपद पंचायत कोटा के संयुक्त तत्वाधान में डीकेपी हाई स्कूल प्रांगण में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उनके साथ नगर पंचायत के 15 वार्डों के पार्षदों एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज तिवारी को शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और नगरवासियों की उपस्थिति रही। नेताओं की मौजूदगी से शपथ ग्रहण समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मुख्य अतिथि, विधायक धर्मजीत सिंह, बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक, कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला और बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल जैसे वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी रही। सभी ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और पार्षदों को बधाई देते हुए नगर के विकास में सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी का क्षण है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। पार्षदों के सहयोग और जनता के समर्थन से नगर को स्वच्छ, सुंदर और उन्नत बनाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

## नपं अध्यक्ष एवं पार्षदों ने किया शपथ ग्रहण



**मल्हार।** नगर पंचायत मल्हार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष सहित सभी 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार को मेला चौक में हुआ। सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को मस्तूरी एसडीएम प्रवेश पैकरा ने गोपनीयता की सपथ दिलाई। इससे पहले सभी अतिथियों का स्वागत निर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने की। विशिष्ठ अतिथि के रूप में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष लेहरुराम निषाद, भाजपा जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, उपाध्यक्ष तिलक साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रप्रकाश सूर्या, अभिलेश यादव, कपिल पटेल, विजय अंचल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी, मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, एस कुमार मनहर, रामनारायण भारद्वाज, जनपद अध्यक्ष मस्तूरी सरस्वती सोनवानी, खिलावन पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में अतिथि शामिल होंगे। सीएमओ मनीष सिंह ने आभार व कार्यक्रम का संचालन राजकुमार वर्मा ने किया। उल्लेखनीय है कि इस बार के नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा से अध्यक्ष सहित 10 वार्डों के पार्षदों ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।



## विद्यार्थियों ने किया पॉवर प्लांट का औद्योगिक भ्रमण

**सीपत।** शास मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत के वाणिज्य विभाग के बीकॉम अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने 11 मार्च को औद्योगिक भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र सिरगिट्टी में शिखर कमोडिटी पॉवर प्लांट का भ्रमण किया।

इस दौरान प्लांट हैड जेके राव ने बिजली उत्पादन के विभिन्न प्रकारों की जानकारी देते हुए भूसा एवं सूखे कचरे इत्यादि से बिजली उत्पादन को समझाया। उन्होंने ग्रीन एनर्जी के लाभों को भी समझाया। प्लांट में भ्रमण के दौरान परिचालन एवं मेंटेनेंस हेड अशोक व उप परिचालन एवं मेंटेनेंस के दिनेश विश्वकर्मा द्वारा कच्चे माल का कन्वेयर बैल्ट से बॉयलर तक जाकर फिर भांप द्वार टर्बाइन घूमने की विधि को समझाया। कंट्रोल रूम से कैसे बिजली उत्पादन को नियंत्रित करते है व उसे नेशनल ग्रिड में भेजने के तरीके को मॉनिटर से समझाया। इस भ्रमण कार्यक्रम से विद्यार्थियों ने उत्पादन लागत, प्रक्रिया प्रबंधन को समझा। समय समय पर विद्यार्थियों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए भ्रमण कार्यक्रम किया गया। भ्रमण को सफल बनाने में जेके राव, दिनेश विश्वकर्मा, अशोक, पवन तिवारी, वर्मा एवं सुरक्षा प्रबंधक मिश्र जी का सराहनीय सहयोग रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ आरएस खेर, वाणिज्य विभाग के प्रमुख जेपी गोरे एवं सृष्टि माखीजा ने विद्यार्थियों को तमाम जानकारी प्रदान करने के लिए प्लांट के इन अधिकारियों का आभार जताते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

■ अफसरों ने बॉयलर, टर्बाइन सहित बिजली उत्पादन की दी जानकारी

## तीन शिकारियों को वन विभाग की टीम ने किया गिरफ्तार, भेजा गया जेल



**लोरमी।** गबदा जलाशय के ऊपरी क्षेत्र परसवारा बीट के कक्ष क्रमांक 1535 पीएफ में 14 मार्च को शिकार करने गए तीन आरोपियों को वन विभाग एवं एटीआर के कर्मचारियों ने अवैध शिकार के सामग्री सहित रंगे हाथों गिरफ्तार कर वन अधिनियम के तहत जेल भेज दिया।

वन परिक्षेत्र अधिकारी क्रिस्टोफर कुजूर से मिली जानकारी के अनुसार 12 मार्च को रात 9.10 बजे एटीआर के कर्मचारी एवं वन विभाग सामान्य के कर्मचारी ग्राम परसवारा बीट के गबदा जलाशय के ऊपर कक्ष क्रमांक 1535 क्षेत्र में गश्त करने गए थे। कर्मचारी तेंदुआ की दस्तक की पुष्टि करने एवं क्षेत्र को सूरक्षार्थ करने गश्त कर रहे थे, उसी दौरान आरोपियों को पकड़ा गया। इस दौरान मुख्य आरोपी ग्राम परसवारा निवासी आरोपी कुंदन उम्र 36 वर्ष पिता राम सिंह ध्रुव एवं रमाशंकर 23 वर्ष पिता भारत सिंह ढीमर निवासी परसहा, विनोद 24 वर्ष पिता शिव प्रसाद ढीमर निवासी ग्राम परसहा खुड़िया को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों से बाईक में उपयोग होने वाली क्लच वायर, कुल्हाड़ी, खूंटा, रस्सी, नारियल, अगरबत्ती आदि सामग्री जप्त किया गया। गौरतलब है कि एटीआर एवं वन विभाग के कर्मचारी संयुक्त रूप से होली को देखते हुए रात्रि गश्त पर निकले थे, इसी दौरान शिकारी डेरा में देर रात एक तेंदुए की दस्तक से हड़कंप मच गया। इस दौरान पसवारा क्षेत्र में गश्त करने के दौरान आरोपी उनकी गिरफ्त में आ गए। वन विभाग ने भारतीय वन प्राणी संरक्षण अधिनियम की 1972 की धारा 9, 39, 50, 51 के तहत अपराध कायम कर आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायालय के आदेश पर जेल दाखिल करा दिया। उक्त कार्रवाई में सबित ध्रुव, राजेश पाटले, ललित बंजारे, प्रदीप ढीमर एवं एटीआर के आनंद टंडन सहित अन्य कर्मचारियों का योगदान रहा।

## गुड़ फैक्ट्री में युवक की हत्या, आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी**

ग्राम कान्हरपुर होलिका दहन की रात में गुड़ फैक्ट्री में युवक की हत्या करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार किकर लिया गया। आरोपी हत्या कर उत्तरप्रदेश भागने की फिराक में थे जिन्हें मुंगेली पुलिस 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एसडीओपी माधुरी धिरही ने बताया कि ग्राम कान्हरपुर गुड़ फैक्ट्री में काम करने वाले सभी स्थानीय मजदुर होली मनाने अपने-अपने गांव गए हुए थे।

गुड़ फैक्ट्री में मजदूरी का काम करने वाले बागपात उत्तरप्रदेश निवासी चिंटू कश्यप, सोनू उर्फ जावेद, रविंन्दर कश्यप, दीपक कश्यप, सचिन कुमार कश्यप, धर्मेंदर कश्यप ठहरे हुए थे। 13 मार्च की रात करीब 9-10 बजे सभी फैक्ट्री के भीतर तखत में बैठ कर शराब पी, खाना खाने के दौरान रविन्दर कश्यप ने सोनू उर्फ जावेद तथा चिन्टू कश्यप को बोला कि मेरी जेब रखे 30 हजार रूपए तुम लोगों ने निकाला है, कहां छुपाए हो बताओ। यह कहकर मां-बहन की गाली देते हुए रविन्दर ने अपने भाई दीपक कश्यप के साथ मिलकर सोनू उर्फ जावेद एवं चिन्दु कश्यप पर लोहे के हथियार तथा डंडों हमला कर दिया। वहां मौजूद धरमेंन्दर तथा सचिन बीच-बचाव करने आए तो रविन्दर और दीपक ने उनके साथ भी मारपीट कर दी एवं दोनों को भगा दिया। मारपीट में सोनू उर्फ जावेद को पूरे हाथ पैर तथा सिर में गंभीर चोट आई एवं गुड़ फैक्ट्री के सामने पुरानी सुसायटी के पास उसकी मौत हो गई। वहीं चिंन्टू के सिर, एवं चेहरे पर गंभीर चोट आई जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। शिकायत पर चिल्फी पुलिस ने धारा 296,351 (2), 115 (2), 103(1), 109, 3 (5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर टीम गठित कर घटना स्थल का फोरेन्सिक टीम के साथ बारीकी से निरीक्षण किया गया। दोनों आरोपी रविन्दर एवं दीपक उत्तरप्रदेश भागने की फिराक में थे जिन्हें पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों से घटना मे प्रयुक्त लोहे का खुरपा, बांस की डंडा जब्त किया गया एवं दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चिल्फी उनि हरीश साहू, सउनि लवसिंह ध्रुव, प्रआर सिद्धेश्वर बंजारे, आर प्रशांत कुर्रे, पुरूषोत्तम ध्रुव, विजय साहू, संगीता बर्मन की अहम भूमिका रही।




मौके पर जांच के लिए पहुंची पुलिस।

## होली पर क्षेत्र में कई जगहों पर मारपीट, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** प्राप्त जानकारी के अनुसार होली के दिन और एक दिन बाद क्षेत्र में कई जगह पर मारपीट की घटनाएं हुई हैं। पाली निवासी मिलनदास मानिकपुरी ने शिकायत दर्ज कराई कि 15 मार्च की रात 8 बजे उसका पुत्र विजय दास घर के सामने खड़ा हुआ था, तभी जीवन एवं उसके साथियों ने उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। वहीं भकुर्रानवापारा निवासी प्रार्थी अमृत पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 14 मार्च को अपने प्लॉट से होली मनाकर वापस जा रहा था, तभी आरोपी राजेश पटेल, विनोद पटेल, अमृत एवं शैलेंद्र ने रास्ता रोककर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट कर दी। एक अन्य मामलें में जरौंधा निवासी विनोद घृतलहरे ने रिपोर्ट दर्ज की 14 मार्च को दोपहर 1 बजे दुपहिया वाहन से जा रहा था। रास्ते में बल्लू साहू ने अपनी दुपहिया वाहन खड़ी की हुई थी, जब विनोद ने बल्लू को रास्ते से दुपहिया हटाने के लिए बोला तो बल्लू ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। वहीं खटोलिया निवासी विकास कश्यप ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 मार्च को दोपहर 12 बजे वह अपने साथियों के साथ होली खेल रहा था तभी पैजनिया निवासी प्रवीण कश्यप वहां पर आया और गाली-गलौज करते उसके साथ हुए मारपीट कर दी। चारों मामलों में पुलिस ने प्रार्थियों की रिपोर्ट पर धारा 115,2 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## 3 दिन से गायब वृद्धा की खार में मिली लाश

**लोरमी।** नगर से सटे बुधवारा खार में एक वृद्ध महिला की लाश मिली है, पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया। थाना प्रभारी अखिलेश वैष्णव ने बताया कि रविवार शाम 5 बजे तुलसा घाट के ग्रामीणों ने थाने में सूचना दी कि एक महिला की लाश खार में पड़ी हुई है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और लाश की पहटान नगर के तुलसा घाट वार्ड 18 निवासी धनेसरी बंजारा 83 वर्ष पति दर्शन बंजारा के रूप में की गई। मृतका के पुत्र द्वारिका बंजारा 40 वर्ष की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर शव को पीएम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रवाना किया।



पुलिस के अनुसार परिजनों ने जानकारी दी थी कि मृतका मानसिक रूप से अस्वस्थ थी एवं पिछले तीन दिनों से घर से गायब थी।

## नदी में लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी**

नगर के मनियारी नदी के रपटा घाट में एक अधेड़ की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान वार्ड 5 निवासी अनुज साहू उम्र 70 वर्ष पिता स्व श्रवण साहू के रूप में हुई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह 6 बजे मनियारी नदी रपटा घाट में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश नदी में तैरती हुई दिखाई दी। लाश को देखकर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक प्रतिदिन मनियारी नदी में काल सुबह स्नान करने आता था। वह रोज की तरह शनिवार को सुबह घर से स्नान करने मनियारी नदी के रपटा घाट में आया था। फिलहाल उसकी मौत के कारणों को खुलासा नहीं हो पाया है। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है।




### आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री दिनेश वर्मा आ. स्व. शिवशंकर वर्मा निवासी जूना बिलासपुर जिला बिलासपुर के स्वामित्व की भूमियां मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 ख.नं. 239, 240/7, 312/8, 319/5, 326/7, 327, 330, 332 कुल खसरा 8 कुल रकबा 0.102 हेक्टेयर भूमि पर मेरा मुवक्किल, स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी है,

मात्र लालच वश, सुरेश कुमार, अनिल कुमार, सुनिल कुमार, ममता के द्वारा मिथ्या कथन कर आम जनता को दिग्भ्रमित करने एवं मेरे पक्षकार के स्वामित्व को मिथ्या विवादित करने तथा मेरे पक्षकार को आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान करने का प्रयास किया जा रहा है तथा उक्त भूमियों पर मेरे पक्षकार को आर्थिक क्षति पहुंचाने के नियत से मेरे भाईयों ने अजय सिदारा, संजय सिदारा और विजय सिदारा तीनों पिता स्व. हरिराम सिदारा निवासी मधुबन रोड महारानी स्कूल के पास दयालबंद बिलासपुर के साथ मिल कर विवादित करने का प्रयास किसी मनोज नागवानी के साथ मिलकर मेरे भूमियों से लगकर अवैध निर्माण किया जा रहा है जबकि उपरोक्त भूमियों पर मेरा पक्षकार स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्यधारी है।

वर्तमान में उक्त भूमि को लेकर आयुक्त बिलासपुर संभाग बिलासपुर के न्यायालय में प्रकरण लंबित है तथा स्थगन प्राप्त है, तथा उक्त आशय के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के समक्ष भी कार्यवाही की जा रही है।

आम सूचना प्रकाशित कर अवगत किया जाता है कि मेरे पक्षकार के विरूद्ध षड़यंत्र पुर्वक कार्य किया जाता है या उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा असत्य आधारों से मेरे पक्षकार के स्वत्व, स्वामित्व के भूमि पर किसी भी प्रकार से हस्तक्षेप का प्रयास किया जाता है या राजस्व प्रविष्ठियों में परिवर्तन या मौके पर मेरे पक्षकार के स्वामित्व की भूमियों के स्वरूप में परिवर्तन किया जाता है तब की स्थिति में मेरा पक्षकार ऐसे व्यक्तियों विरूद्ध सक्षम न्यायालय में दांडिक व व्यवहार न्यायालय की कार्यवाही करने हेतु बाध्य होगा जिसके समस्त हर्जे-खर्चे का देनदार वह व्यक्ति होगा जो संव्यवहार करेगा।

सो सूचना जानें।
बिलासपुर
दिनांक 17.03.2025

भवदीय
संदीप कुमार द्विवेदी
अधिवक्ता
नेहरू नगर, अमेरी रोड,
आर.एस. प्राविजन के पिछे,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 98261-84824

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री महेश कुमार अग्रवाल पिता श्री मुरारी लाल अग्रवाल, जाति-अग्रवाल, निवासी-एचआईजी 1 नियर केपिटल प्लेस कविता नगर, शंकर नगर बिंद्रा आवास रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के भूमि स्वामी हक की परिवर्तित भूमि ग्राम-हिर्री, प.ह.नं. 12 तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) में खसरा नंबर 173/2 रकबा 0.68 एकड़ भूमि समस्त पटवारी एवं राजस्व अभिलेख एवं ऋण पुस्तिका में दर्ज है। जिसे मेरे द्वारा क्रय किए जाने का पक्का सौदा तय किया गया है एवं विक्रेता को ब्याना राशि प्रदान किया जा चुका है एवं निकट भविष्य में उक्त भूमि का पंजीयन रजिस्ट्री पत्र निष्पादित किया जावेगा।

उक्त भूमि के संबंध में किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था, व्यक्ति, फर्म आदि को आपत्ति हो तो एक सप्ताह के भीतर मय दस्तावेज अपनी आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के भीतर आपत्ति नहीं आने पर उक्त भूमि का पंजीयन क्रेता अपने पक्ष में करा लेवेगा एवं इसके पश्चात कोई दावा आपत्ति स्वीकार नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

भवदीय
अंकित कुमार राकेश
पिता गौतम कुमार राकेश डी-1 जायसवाल कॉलोनी, कालिका नगर नया बस स्टैण्ड के सामने तिफरा, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. मो. 7974839604

### कार्यलय प.ह.न. 45. रा.नि.म. सकरी, तह. सकरी जिला-बिलासपुर
### // सीमांकन सूचना //

दिनांक- 13/03/2025

प्रति, 1 आवेदक रंजना सिंह पति श्रीकांत सिंह व (अ.02) 2-रामेश्वर कोरी पिता देवान कोरी 3- गोरेलाल पिता ननकी 4-शशि शंकर चौबे 5- राकेश चौबे, तोमन सिंह कौशिक, 6. संबंधित अन्य व दैनिक समाचार पत्र

विषय-सीमांकन/बटांकन में उपस्थिति रहने बाबत्।

सदर्भ-रा.प्र.क्र. Q/ तह/ रीडर/2025 दिनांक 12/03/2025

संदर्भित विषयांतर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम सकरी प.ह.न. 41 रा.नि.म. तह सकरी, जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के अतर्गत खसरा नं. 322/1, 322/2 रकबा 0.3240 हे., 0.3120 हे. एकड़ / हेक्टेयर भूमि स्वामी रंजना सिंह पिता/पति श्रीकांत व अन्य 02 निवासी बिलासपुर के द्वारा सीमांकन / बटांकन का आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्तभूमि का सीमांकन/बटांकन दिनांक 17/03/25 को लगभग 11:00 बजे सुबह से 05.00 बजे शाम के बीच किया जावेगा।

अतः आप समीपवर्ती भूमि संबंधी दस्तावेज सहित नियत तिथी एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में आपत्ति स्वीकार्य नहीं होगा। अतः सूचना प्रेषित।

टीपः-विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/बटांकन तिथी में परिवर्तन किया जा सकता है।

एस.पी. बर्मन
पटवारी ह.न. 45, तहसील सकरी

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)
### :: ईश्तहार ::

रा.प्र.क्रं.202503250500003-2/2024-25
ग्राम मोहभट्ठा प.ह.नं. 13

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवे. राजेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. हजारी लाल अग्रवाल निवासी मोहभट्ठा तहसील सरगांव जिला मुंगेली (छ.ग.) द्वारा ग्राम मोहभट्ठा प.ह.न. 13 स्थित स्वामित्व हक की भूमि खसरा नं. 126/12 रकबा 0.2910 हे. को व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जो विचाराधीन है।

जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 21/03/2025 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 06/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
पथरिया, जिला मुंगेली (छ.ग.)

### न्यायालय माननीय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1 बिलासपुर (छ.ग.)
### नोटिस/समंस

उत्ताधिकार प्र.क्र.- 05/2025
आदेश दिनांक- 21/02/2025
पेशी तारीख - 08/04/2025
प्रो.क्र. 74

हरिशंकर पटेल वगैरह .......आवेदकगण
विरूद्ध
शाखा प्रबंधक देना बैंक
(वर्तमान में बैंक ऑफ बड़ौदा) ..अनावेदक
बनाम :- आम जनता (जिनका संबंध हो)

आवेदकगण द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जिसकी पेशी दिनांक 08/04/2025 को दिन 11:00 बजे उत्तर देने के लिये नियत किया गया है। आप न्यायालय में स्वयं या अपने किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो संबंधित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके। यदि किसी कारण से नियत तारीख को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर है तो अगले कार्य दिवस को अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 12/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।

(विजेन्द्र सोनवानी)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बिलासपुर (छ.ग.)

### न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)
### ईश्तहार

रा.प्र.क्र. /अ-6/2024-25

पक्षकार :- श्रीमती रीना हीराधर पति स्व. आदित्य हीराधर वगैरह ...........आवेदिकागण
बनाम
मनीष हीराधर पिता स्व. मार्शल कुमार हीराधर
.......अनावेदक

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिकागण श्रीमती रीना हीराधर पति स्व. आदित्य हीराधर वगैरह निवासी मंझवापारा जरहाभाठा बिलासपुर राजीव गांधी चौक के पास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. ने अधिवक्ता के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा नजूल शीट नं. 05 प्लाट नं. 20/3, 19/1, 19/6 रकबा 961, 2081,576 व.फु. भूमि स्थित है। आवेदित भूमि वर्तमान नजूल अभिलेख मे आवेदिकागण के पति/पिता स्व. आदित्य हीराधर एवं अनावेदक मनीष हीराधर पिता स्व. मार्शल कुमार हीराधर के नाम पर संयुक्त रूप से दर्ज है। आदित्य हीराधर की मृत्यु 11.05.2021 को चुकी है। आवेदिकागण के द्वारा आवेदित भूमि को फौती/आपसी बंटवारानामा के आधार पर नामांतरण करने के लिए छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109,110 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वे दिनॉक 7/4/2025 को न्यायालयीन समय में स्वतः उपस्थित होकर अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति/दावा विचारणीय नहीं होगा।

आज दिनांक 12/3/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर
### आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल अभिलाषा परिसर तिफरा, बिलासपुर (छ.ग.) में निर्मित ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट भवनों में से भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. फ्लैट बी.-05/56 (प्रथम तल ) श्रीमती नीलम सिंह पति श्री संतोष कुमार सिंह के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 30.08.2016 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को नाम श्रीमती गुंजन झा पति श्री विकास झा को विक्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था/बैंक आदि को इस भवन के नामांतरण / हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)
### सूचना

क्र./क/रा.नि./2025
जूना बिलासपुर दिनांक 11.03.2025

प्रति, 1. मनप्रीत सिंह होरा 2. रामगोपाल पिता सालिक राम 3. इकबाल सिंह 4. शांति देवी पति सरदार गुलाब 5. शायदा बेगम 6. हरिशंकर तुलास्यान 7. कर्मराज इंडस्ट्री जे. सिराज अली पिता असगर भाई कलक 8. जोन कमिश्नर नगर निगम क्र. 4 9.प्रभारी अधिकारी द.पू.म. रेलवे 10. भारतीय खाद्य निगम प्रभारी अधिकारी 11. भावते सिंह 12. युसुफ पिता बहादुर (समीपी भूमिस्वामियों की जानकारी ज्ञापन में दर्ज/आवेदक के बताए अनुसार)

विषय: सीमांकन में उपस्थित होने बाबत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार का ज्ञापन क्र./क/ तह./वाचक/2025, बिलासपुर दिनांक 04.03.2025

आवेदक मनप्रीत सिंह होरा निवासी जूना बिलासपुर के द्वारा ग्राम जूना बिलासपुर प.ह.नं. 36 रा.नि.मं. जूना बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 890/1, 900/1 कुल रकबा 0.2140 हे. के सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। संदर्भित न्यायालयीन ज्ञापन के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 20.03.2025 को समय 02 से 05 बजे किया जायेगा। अतः आप भूमि से संबंधित दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय को मौके पर अनिवार्यतः उपस्थित होवें। अनुपस्थिति के लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे और बाद की आपत्ति पर स्वीकार्य नहीं होगी।

टीप: 1. आवेदक सीमाचिन्ह स्थापित करने हेतु आवश्यक सामग्री और मजदूर की व्यवस्था करें। 2. विशेष परिस्थिति में परिहार्य कारणों से सीमांकन तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक
बिलासपुर (छ.ग.)

16 MARCH- BSP-PG-6_Layout 1 3/17/2025 12:06 AM Page 1



## खबर संक्षेप

### ट्रैक पार करने पर हो सकता है 6 माह की जेल



**बिलासपुर।** रेलवे बोर्ड ने अब स्टेशन पर रेलवे ट्रैक पार कर एक ओर से दूसरी ओर जाने वाले रेल यात्रियों को सख्त चेतावनी दी है। ऐसा करने वाले यात्रियों पर अब रेलवे 6 माह तक की जेल और 1 हजार रुपए तक का जुर्माना लगाने का निर्णय लिया है। इससे बचने के लिए रेलवे ने यात्रियों से रेलवे नियमों का पालन करते हुए ओवर ब्रिज से होकर एक प्लेट फार्म से दूसरे प्लेट फार्म तक जाने की अपील की है। रेलवे ने यात्रियों और आम जनता से अपील की है कि वे सुरक्षा को प्राथमिकता दें और रेलवे ट्रैक पार करने की खतरनाक प्रवृत्ति से बचें। रेलवे ट्रैक पार करना बहुत बड़ा जोखिम के साथ एक दंडनीय अपराध भी है, जिसमें 6 माह तक की जेल और 1000 रुपए तक का जुर्माना हो सकता है। रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म सें दूसरे प्लेटफार्म तक जाने के लिए फुट ओवरब्रिज तथा सड़क मार्ग के उपयोगकर्ताओं के लिए रोड ओवरब्रिज, रोड अंडरब्रिज, सबवे एवं निर्धारित पैदल मार्ग बनाए गए हैं। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए आरपीएफ नियमित रूप से जागरूकता अभियान, लाउडस्पीकर घोषणाएं एवं चेकिंग अभियान चला रही है।

### रेलवे क्षेत्र की समस्याओं पर डीआरएम से की चर्चा

**बिलासपुर।** डीआरयूसीसी मेम्बर बनने के बाद जी. रवि कन्ना ने बिलासपुर रेल मंडल के डीआरएम राजमल खोईवाल से मुलाकात कर रेलवे क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। वर्तमान में जी. रवि कन्ना को बिलासपुर रेल मंडल उपभोक्ता सलाहकार समिति का सदस्य बनाया गया है। डीआरएम से मुलाकात करने पहुंचे रवि कन्ना के साथ पार्षद प्रकाश यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप दास, जिला आटो संघ के पूर्व अध्यक्ष व्ही मधुसूदन राव, संतोष सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मुकेश राव थे। रेलवे क्षेत्र की समस्याओं के संबंध में डीआरयूसीसी मेंबर ने डीआरएम को अवगत कराया। डीआरएम ने उनकी समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया है।

### संरक्षा के सजग प्रहरी जीएम से सम्मानित

**बिलासपुर।** संरक्षा के सजग प्रहरियों यानि ट्रेन को दुर्घटना से बचाने वाले रेल कर्मचारियों को दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोन के महाप्रबंधक तरूण प्रकाश ने सम्मानित किया है। इन कर्मचारियों में रायपुर डिवीजन के पाइंटसमैन गणेश राम ने 5 फरवरी को ड्यूटी के दौरान चलती ट्रेन के मार्ग में हॉट एक्सल का पता किया था। नागपुर डिवीजन के डोंगरगढ़ में कार्यरत गेट कीपर टीएम मनोज कुमार ने डोंगरगढ़-पनियाजोब के बीच अप लाइन पर ओएचई टूटने की सूचना दी थी। आमगांव के ट्रैक मेंटेनर कृष्णकांत तिवारी ने ठंड के मौसम में गश्त ड्यूटी के दौरान देर रात डाउन लाइन पर रेल फ्रैक्चर देखा और ट्रेन दुर्घटना को रोकने का कार्य किया। संरक्षा कोटि के कर्मचारियों को सम्मानित किए जाने के अवसर पर अपर महाप्रबंधक, प्रधान मुख्य संरक्षा अधिकारी अन्य विभागध्यक्ष सहित अधिकारी मौजूद थे।

### बच्ची को बाइक सवार ने मारी टक्कर, मौत

**बिलासपुर।** घर के बाहर में होली खेल रही बच्ची को बाइक सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में बच्ची की मौत हो गई है। पुलिस ने बाइक सवार के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। बेलगहना चौकी पुलिस के अनुसार, ग्राम लुफा निवासी कु. साक्षी पिता शिव महराज को कोनचरा की ओर से आ रहे बाइक क्रं सीजी 10 बीएम, 2069 में सवार मानिकपुर निवासी दुर्गेश खैरवार ने टक्कर मार दी। उसे इलाज के लिए बिलासपुर निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**व्यवस्था** — सदर बाजार और गोल बाजार के बीच थी समस्या, व्यापारियों ने नई जगह व्यापार पर नकारात्मक असर की जताई चिंता

# संडे मार्केट सिम्स के पीछे रिवर व्यू में शिफ्ट, बीच शहर में जाम से छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

20 साल पुराना संडे मार्केट, जो पहले शहर के घनी आबादी वाले इलाके सदर बाजार और गोल बाजार के बीच लगता था, अब सिम्स के पीछे रिवर व्यू में शिफ्ट कर दिया गया है। पिछले चार सप्ताह से यह बाजार वहीं लग रहा है और इसे आगे भी लगाए जाने की बात कही जा रही है।

गौरतलब है कि संडे मार्केट के कारण शहर में ट्रैफिक और पार्किंग की गंभीर समस्याएं थी, जिन्हें व्यापारी और स्थानीय लोग लंबे समय से झेल रहे थे। पहले बाजार के कारण सदर बाजार और गोल बाजार के व्यापारी भी परेशान थे, क्योंकि वहां भीड़ भाड़ और यातायात जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती थी। नगर निगम द्वारा इस बाजार को नई जगह शिफ्ट करने के बाद अब ग्राहक आसानी से अपनी गाड़ियां पार्क कर पा रहे हैं और बिना किसी परेशानी के खरीदारी कर रहे हैं।

हालांकि, कुछ व्यापारियों ने चिंता जाहिर की है कि नई जगह पर उनके व्यापार पर नकारात्मक असर पड़ा है, क्योंकि ग्राहक पुराने स्थान की तुलना में कम आ रहे हैं। वहीं, बाजार में बुनियादी सुविधाओं जैसे शौचालय और पानी की व्यवस्था नहीं है।



सिम्स के पीछे रिवर व्यू पर लगने लगा संडे मार्केट में खरीददारी करते लोग।

### ट्रैफिक की समस्या का हल

देखा जाए तो संडे मार्केट को शिफ्ट किए जाने के बाद से पार्किंग की समस्या का समाधान हो गया है। अब ग्राहक आसानी से अपनी गाड़ियां पार्क कर सकते हैं और बाजार में बिना किसी दिक्कत के खरीदारी कर रहे हैं। सुरेश साहू ने बताया कि पिछले काफी समय से वे संडे मार्केट से सामान लेते हैं। पहले उन्हें पार्किंग और ट्रैफिक से जूझना पड़ता था, लेकिन अब नई जगह पर यह समस्या नहीं हो रही है। हालांकि, कुछ व्यापारियों ने बताया कि नए स्थान पर बाजार शिफ्ट होने के बाद व्यापार पर नकारात्मक असर पड़ा है। कपड़ा व्यापारी सलीम के मुताबिक रिवर व्यू में बाजार के शिफ्ट होने से उनकी बिक्री में गिरावट आई है और ग्राहक कम हो गए हैं। उन्होंने त्योहारों के मद्देनजर अधिक कपड़े का स्टॉक मंगवाया था, लेकिन अब व्यापार मंदा हो गया है। उनका मानना है कि पुरानी जगह पर वापस जाने से उनकी बिक्री में सुधार हो सकता है।

होली पर उपद्रवियों ने मचाया हुड़दंग, कहीं चला चाकू तो कहीं हुई मारपीट

# उपद्रवियों ने किया कोतवाली में महिला आरक्षक सहित दो पुलिसकर्मियों व तोरवा में प्रधान आरक्षक पर हमला



मारपीट के शिकार आरक्षक।



मारपीट के पकड़े गए आरोपी।



जिला अस्पताल में घायल को लेकर पहुंची पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली में लड़ाई झगड़ा कर रहे युवकों ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात कोतवाली की महिला आरक्षक सहित दो पुलिसकर्मियों व तोरवा के प्रधान आरक्षक के साथ जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने दोनों मामलों में हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार आरक्षक 1364 धनेश साहू पिता शंकर लाल साहू ने रिपोर्ट लिखाई। होली के दिन 14 मार्च की शाम 5.15 बजे गोल बाजार में लड़ाई झगड़ा होने की सूचना पर वे एसआई शीतला प्रसाद त्रिपाठी, महिला आरक्षक पुष्पा खरे के साथ गोलबाजार गए। वे विवाद कर रहे चांटीडीह संजय नगर निवासी संजू यादव, रवि यादव, गौरी शंकर यादव को समझाश दे रहे थे। तीनों युवक नशे में पुलिसकर्मियों से कहने लगे कि वे तीनों ड्राइवर हैं और 14 चक्का गाड़ी चलाते हैं। युवक उन्हें गाड़ी से कुचल देने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर आरक्षक धनेश साहू के साथ हाथ मुक्का से मारपीट की और बाल पकड़कर जमीन में पटक दिया। महिला आरक्षक पुष्पा खरे ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। पुलिसकर्मियों के साथ मारपीट करने से गोलबाजार में हड़कंप मच गया। कोतवाली पुलिस ने आरक्षक धनेश साहू की रिपोर्ट पर हमलावर संजू यादव, रवि शंकर यादव, गौरी शंकर यादव के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 212, 1, 132, 221, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### गार्डन में प्रधान आरक्षक से मारपीट

तोरवा थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक दुलार साय 14 मार्च को हेमूनगर बंधवा तालाब के पास पाइंट ड्यूटी में तैनात थे। शाम 4 बजे वाम्बे आवास के युवक बीच सड़क में नगाड़ा बड़ाकर पाइप से पानी डालकर होली मना रहे थे, जिससे आने जाने वालों को परेशानी हो रही थी। सूचना पर टीआई अभय सिंह बैस पेट्रोलिग पार्टी के साथ गए और नगाड़ा व पाइप लेकर युवकों को खदेड़ दिया। कुछ देर बात नशे में वाम्बे आवास निवासी बिल्लू मानिकपुरी एवं उसने अन्य साथियों ने पाइंट ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षक दुलार साय के साथ हुज्जबाजी करते हुए जमकर मारपीट की और उनकी वर्दी फाड़ दी। टीआई श्री बैस ने बताया, प्रधान आरक्षक साय की रिपोर्ट पर हमलावर बिल्लू मानिकपरी एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 212, 1, 132, 221, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

## देवरीखुर्द में चाकू, तलवार से हमला, युवक की अंतड़ी फटी

दोस्तों के साथ बैठे युवक पर बाइक सवार लोगों ने चाकू, तलवार से हमला कर उसकी अंतड़ी फाड़ दी। युवक के परिजनों ने गंभीर अवस्था में उसे अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया है। पुलिस ने 7 हमलावरों के खिलाफ जुर्म कर लिया है। तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द निवासी कराते खेल प्रशिक्षक खेत्रो महानंद पिता कृष्णा महानंद ने रिपोर्ट लिखाई है कि 14 मार्च को शाम 4.30 बजे पुराना सुलभ शौचालय आंगन बाड़ी के पास वे अपने दोस्त अरूण दास मानिकपुरी के साथ बैठे थे। इस दौरान 3 से 4 बाइक में 5 से 7 युवक आए और अरूण दास मानिकपुरी के साथ गाली गलौज करते हुए तलवार चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी देने लगे। अरूण दास ने मना किया तो सोम सिंह चौहान पिता बलवंत सिंह चौहान, मनीष श्रीवास चाकू से हमला करने लगे। उसके साथ करण बनर्जी, विशाल मैत्री, महानंद पर तलवार तानकर बीच बचाव करने नहीं जाने की धमकी देकर अरूण दास के हाथ पकड़कर चाकू से पेट में हमला किया। यशवंत सिंह गब्बर, सोमनाथ निषाद ने चेन स्पाकिट से बने हथियार से अरूण दास मानिकपुरी पर हमला किया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए अपोलो हास्पिटल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने खेत्रो महानंद की रिपोर्ट पर हमलावर सोम सिंह चौहान, मनीष श्रीवास, करण बनर्जी, यशवंत सिंह ठाकुर उर्फ गब्बर, विशाल मैत्री, सोमनाथ निषाद के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



### चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

सिम्स में चाकू लहराकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, 14 मार्च को पुलिस को सूचना मिली सिम्स परिसर में एक युवक हाथ में चाकू रखकर इलाज के लिए आने व जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने परिसर में दबिश देकर कान्हा उर्फ अक्षय यादव पिता संतोष यादव 24 साल चांटीडीह किसानपारा निवासी को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

## कड़ी सुरक्षा के बाद भी 10 जगहों पर हुई चाकूबाजी की वारदात

कड़ी सुरक्षा के बावजूद होलिका दहन से लेकर रंगोत्सव की शाम तक शहर के 10 जगहों में चाकूबाजी की वारदात हुई। कोतवाली पुलिस के अनुसार टिकरापारा निवासी संजय यादव ने रिपोर्ट लिखाई कि होली के दिन सुबह राजा यादव, राहुल, नितिन का लक्की गंधर्व और संजू रजक के साथ विवाद हुआ था। रात में वे अपने घर के पास थे। इसी दौरान राहुल गोस्वामी, लक्की, सानू और उसके साथी आकर सुबह हुए विवाद की बात को लेकर राहुल यादव पर चाकू से हमला कर दिया। दूसरी घटना सरकण्डा लिंगियाडीह गायत्री मंदिर निवासी दीपक यादव ने रिपोर्ट लिखाई होली की रात 9 बजे उसका छोटा भाई रोहन यादव, आदित्य दास मंदिर के पास थे। रामनगर निवासी विकास विश्वकर्मा, शुभम, तुलेश्वर के साथ आकर गाली गलौज कर रहे थे। मना करने पर युवकों ने रोहन यादव, आदित्य दास पर चाकू से हमला कर दिया। तीसरी घटना में तारबाहर डीपूपारा निवासी कुमार साहू होली के दिन अपने दोस्त गोलू जेम्स को लेने गए थे। वहां चितवा वस्त्रकार ने उनके साथ विवाद कर चाकू से हमला कर दिया।

■ चौक-चौराहों पर तैनात थे पुलिसकर्मी

### महिला पर किया हमला

देवरीखुर्द निवासी त्रिवेणी साहू 13 मार्च को रोटी बना रही थीं। किशन बरगाह घर आकर पिता शत्रुहन साहू को बाहर लेकर गया। त्रिवेणी साहू व उसकी मां ने बीच बचाव किया तो किशन ने त्रिवेणी साहू के पीठ पर चाकू से हमला कर दिया। पाचंवी घटना में तोरवा पंप हाउस निवासी राजकुमार यादव 14 मार्च को होली मनाने के बाद घर में थे। पड़ोसी राहुल सूर्यवंशी फ्रिज से ठंडा पानी मांगने आया, मना करने पर चाकू से हमला कर दिया। छठवीं घटना में सिरगिट्टी किर्तीनगर निवासी सुभाष यादव 13 मार्च की रात होलिका दहन के बाद खड़े थे। इसी दौरान बाबी अपने साथियों के साथ सुभाष पर चाकू से हमला कर दिया। तिफरा बाजार चौक निवासी हरीश केंवट शाम 4 बजे चौक की ओर गए तब शिवा निर्मलकर ने चाकू से हमला कर दिया है।

### दो गुटों के बीच मारपीट

चकरभाठा वार्ड क्रं. 8 निवासी प्रकाश मतानी होली के दिन शाम 6.30 बजे दोस्त रवि के साथ बाइक से नयापारा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान वार्ड क्रं.7 सत्ताइस खोली के पास जीत वर्मा अपने साथी के साथ मिला और प्रकाश मतानी से मारपीट करने लगा। उनके साथी रवि ने बीच बचाव किया तो युवकों ने दौड़ाकर उसके साथ भी जमकर मारपीट की। इसी तरह वार्ड क्रमांक 7 निवासी प्रशांत वर्मा ने पहले पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है। एडीशनल एसपी अनुज कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने जुर्म दर्ज कराया है।

### गांवों में भी चाकूबाजी

कोटा कोटसागर निवासी संजय विश्वकर्मा सिरगिट्टी में रहकर राजमिस्त्री का काम करते हैं। होली के दिन दोपहर 3 बजे घर में थे। मोहल्ले के अनीश ने अपने साथियों के साथ पुरानी रंजिश को लेकर संजय विश्वकर्मा के साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया। सकरी अटल आवास निवासी करण सतनामी ने कान्हा मानिकपुरी के गले पर चाकू से हमला कर दिया है। बिल्हा बिटकुली में भी चाकूबाजी की वारदात हुई।

**कोटा में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई**

# महिला सहित चार लोगों से 480 लीटर शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा पुलिस ने अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए एक महिला सहित 4 लोगों को पकड़कर 480 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। वहीं 900 किलो लहान नष्ट किया गया है। पुलिस ने कोचियों को गिरफ्तार कर लिया है।

एसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर कोटा पुलिस अवैध शराब बेचने वालों पर नजर रख रही है। 13 मार्च को थाना प्रभारी आईपीएस सुमित कुमार को सूचना मिली कि गनियारी में कुछ लोग होली में बेचने के लिए भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर घरों में रखे हैं। उन्होंने एसआई राज सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मियों की टीम बनाकर गनियारी निवासी दूज कुमारी वर्मा पति सुमेर वर्मा, भरत रूवरूप वर्मा पिता राम कुशल वर्मा, छेदी लाल वर्मा पिता कालीचरण वर्मा, समीर वर्मा पिता ग्वालन वर्मा को पकड़कर उनके घरों की तलाशी ली। चारों मकानों से 480 लीटर महुआ शराब मिली।

■ 900 किलो महुआ लहान किया गया नष्ट

वहीं खेतों में छिपाकर रखे गए करीब 900 किलो महुआ लहान को निकालकर नष्ट किया गया है। पुलिस ने आबकारी एक्ट की धारा 34, 1, 34, 2 के तहत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



कोटा पुलिस द्वारा जब्त की गई शराब।

# होली खेलने निकले युवक की दूसरे दिन लाश मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

होली खेलने निकले युवक की दूसरे दिन लाश मिलने से सनसनी फैल गई है। घरवाले प्रेम संबंध में हत्या होने की आशंका जता रहे हैं। हालांकि पीएम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मस्तूरी टीआई हरिशचंद्र टाण्डेकर ने बताया, 14 मार्च होली के दिन ग्राम हिर्री निवासी राहुल कुर्रे पिता हरप्रसाद कुर्रे 21 साल सुबह होली मनाकर घर चला गया था। उसके माता पिता कमाने खाने के लिए बाहर गए हुए हैं। शाम 5 बजे वह फिर घर से होली खेलने के लिए निकले थे। उसके बाद रात भर वह घर नहीं लौटा। 15 मार्च की सुबह गांव के लोगों ने घर के पास राहुल कुर्रे की लाश देखी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। रिश्तेदारों ने पुलिस को मृतक का गांव की एक युवती से प्रेम संबंध होने की जानकारी देते हुए उसकी हत्या होने की आशंका जताई जताई है। इससे मौके पर फोरेंसिक टीम व सर्चडाग को बुलाकर जांच कराई गई है।

■ प्रेम संबंध में हत्या की आशंका

हालांकि उसके शरीर पर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं। माता पिता के बाहर होने से पुलिस शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुट गई है।

# मंगला धूरीपारा में दो गुटों के बीच विवाद, अपराध दर्ज

**बिलासपुर।** होली के दूसरे दिन मंगला धूरीपारा में दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए। कार्रवाई नहीं होने पर एक गुट की महिलाएं रात में एसपी आफिस पहुंच गईं।

पुलिसकर्मियों के द्वारा मान मनौव्वल कर उन्हें थाने लाया गया। पुलिस ने दोनों गुटों के खिलाफ अपराध कायम कर 6 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला धूरीपारा में होली के दिन दो गुटों के बीच आपसी विवाद हो गया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर विवाद शांत करा दिया था। उसके बाद दूसरे दिन 15 मार्च की शाम एक बार फिर दोनों गुट आपस में भिड़ गए और एक दूसरे को दौड़ा दौड़ाकर मारपीट करने लगे। इस दौरान महिलाओं के साथ भी मारपीट की गई। दोनों गुट रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए। पुलिस एक गुट को बैठाकर एफआईआर लिख रही थीं। बाहर में



बैठे दूसरे पक्ष की महिलाए नाराज होकर कार्रवाई की मांग करते हुए एसपी आफिस पहुंच गईं और हंगामा मचाने लगी। सिविल लाइन के दो सिपाही एसपी आफिस पहुंचकर मान मनौव्ल कर कार्रवाई करने का आश्वासन देकर महिलाओं को थाने लेकर आए। पुलिस ने रवि सिंगरौल की रिपोर्ट पर हमलावर गोलवा रजक, सतरंगी रजक, लेखू रजक एवं अन्य साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 व ममता रजक की रिपोर्ट पर हमलावर वितय ध्रुव, आदि ध्रुव, श्रवण के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 11 मई, 22 मई, 25 मई, 02 जून, 05 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport